# राष्ट्रीय आवास बैंक

## मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली – 110003

**टीईजीएस–VII (महाप्रबंधक), उप महाप्रबंधक (सीएफओ), एसएमजीएस–V (सहायक महाप्रबंधक–अर्थशास्त्री), एमएमजीएस–II (उप प्रबंधक), जेएमजीएस–I (सहायक प्रबंधक), वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी (अनुबंध पर), परियोजना वित्त अधिकारी (अनुबंध पर), मुख्य अर्थशास्त्री (अनुबंध पर) और एप्लीकेशन डेवलपर्स (अनुबंध पर) पदों हेतु अधिकारियों की भर्ती ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क का भुगतान–28.09.2023 से 18.10.2023 तक**

**(यह विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन वेबलिंक www.nhb.org.in पर उपलब्ध है)**

**विज्ञापन सं.– रा.आ.बैंक/मा.सं. एवं प्रशासन/भर्ती/2023–24/02**

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) विभिन्न पदों अर्थात् महाप्रबंधक स्केल–VII, उप महाप्रबंधक (सीएफओ) स्केल –VI, सहायक महाप्रबंधक स्केल–V (अर्थशास्त्री), उप प्रबंधक, स्केल – II (एमआईएस और अर्थशास्त्री), सहायक प्रबंधक स्केल–I (सामान्य और राजभाषा), मुख्य अर्थशास्त्री (अनुबंध पर), वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी (अनुबंध पर), परियोजना वित्त अधिकारी (अनुबंध पर) और एप्लीकेशन डेवलपर्स (अनुबंध पर) नियमित और अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**I. महत्वपूर्ण निर्देश**

**1 अभ्यर्थी को पद हेतु अपनी पात्रता सुनिश्चित करनी होगी**

- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड, ऑनलाइन पंजीकरण विधि, आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क का भुगतान, ई–कॉल लेटर जारी करना, लिखित परीक्षा (यदि प्रबंधक और उप प्रबंधक स्तर के अधिकारियों के लिए आवश्यक हो) और साक्षात्कार प्रक्रियाओं सम्बन्धी आदि निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने हेतु निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना सुनिश्चित करें।
- आवेदन की पंजीकरण प्रक्रिया केवल तभी पूरी होती है जब निर्धारित आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार (जहाँ भी लागू हो) भुगतान की अंतिम तिथि तक या उससे पहले ऑनलाइन मोड के माध्यम से बैंक में जमा किया गया हो।
- अभ्यर्थियों को निर्धारित आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार (जहाँ भी लागू हो) भुगतान के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर साक्षात्कार के लिए अनंतिम रूप से चयनित किया जाता है। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी को ई–कॉल लेटर/साक्षात्कार कॉल लेटर जारी करने का यह अर्थ नहीं होगा कि बैंक द्वारा उसकी अभ्यर्थिता को अंततः मंजूरी दे दी गई है। बैंक साक्षात्कार के समय या उससे पहले (यदि बुलाया जाता है) मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता मानदंड का सत्यापन करेगा। यदि उस स्तर पर, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पद (आयु, शैक्षणिक योग्यता, योग्यता पश्चात अनुभव आदि) के लिए पात्रता मानदंड को पूरा नहीं कर रहा है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी किसी भी वाहन व्यय की प्रतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे।

**2. आवेदन का तरीका**

अभ्यर्थी **दिनांक 28.09.2023 से 18.10.2023** तक रा.आ.बैंक की वेबसाइट www.nhb.org.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। **आवेदन जमा करने का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं हैं। ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक नीचे दिया गया है:**

*सभी विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन लिंक*

**3. महत्वपूर्ण तिथि/माह**

| विषय | अनंतिम तिथियां/माह^ |
|---|---|
| पात्रता मानदंड हेतु कट–ऑफ तिथि | 01.09.2023 |
| आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क/सूचना प्रभार के भुगतान के लिए वेबसाइट लिंक खुलने की तिथि | 28.09.2023 |
| आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क/सूचना प्रभार के भुगतान की अंतिम तिथि | 18.10.2023 |
| ई–कॉल लेटर डाउनलोड करने की तिथि | सूचना रा.आ.बैंक की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी |
| साक्षात्कार का आयोजन | |
| अंतिम परिणाम की घोषणा | |

^बैंक के पास उपरोक्त अनुसूची में परिवर्तन करने का अधिकार है। ऑनलाइन परीक्षा की तिथि सभी आवेदकों को पहले से सूचित कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अद्यतन जानकारी हेतु रा.आ.बैंक की अधकृत वेबसाइट के अलावा नियमित आधार पर अपने पंजीकृत ई–मेल देखते रहें।

**4. रिक्तियों की संख्या**

| क. | नई भर्ती | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नियमित पद | | | | | | |
| | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व.–नॉ.क्रि.ले.^ | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल |
| **महाप्रबंधक (स्केल – VII)** | | | | | | |
| **1. परियोजना वित्त** | – | – | – | – | **1** | **1** |
| **उप महाप्रबंधक (स्केल – VI)** | | | | | | |
| **1. मुख्य वित्तीय अधिकारी** | – | – | – | – | **1** | **1** |
| **सहायक महाप्रबंधक (स्केल–V)** | | | | | | |
| **1. अर्थशास्त्री** | **1** | . | . | . | . | **1** |
| **उप प्रबंधक (स्केल – II) अ.जा. श्रेणी के तहत बैकलॉग रिक्ति सहित** | | | | | | |
| **1. अर्थशास्त्री** | – | – | **1** | – | – | **1** |
| **2. एमआईएस** | **1** | – | **2** | – | – | **3** |
| **सहायक प्रबंधक (स्केल– I)** | | | | | | |
| **1. सामान्य** | **2** | **1** | **3** | **1** | **9** | **16** |
| **2. हिन्दी** | – | – | **1** | – | **0** | **1** |
| संविदा पद | | | | | | |
| **1. मुख्य अर्थशास्त्री** | – | – | – | – | **1** | **1** |
| **2. वरिष्ठ एप्लीकेशन डेवलपर्स** | – | – | – | – | **1** | **1** |
| **3. एप्लीकेशन डेवलपर्स** | – | – | – | – | **2** | **2** |
| **4. वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी*** | **2** | **1** | **4** | – | – | **7** |
| **5. परियोजना वित्त अधिकारी*** | **1** | **1** | **4** | **2** | – | **8** |
| ***पिछले विज्ञापन संख्या रा.आ.बैंक/मा.सं.एवं प्रशासन/भर्ती/2022–23/2 के अनुसार शेष पद*** | | | | | | |
| **कुल योग** | **7** | **3** | **15** | **3** | **15** | **43** |

*अ.जा.: अनुसूचित जाति; अ.ज.जा.: अनुसूचित जनजातिय अ.पि.व.– नॉ.क्रि.ले: अन्य पिछड़ा वर्ग–नॉन क्रीमी लेयर; ईडब्ल्यूएस : आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यूआरः सामान्य।*

"नॉन क्रीमी लेयर" में आने वाले अ.पि.व. के अभ्यर्थी अ.पि.व. श्रेणी के तहत आरक्षण के हकदार हैं। श्क्रीमी लेयरश वाले अ.पि.व. अभ्यर्थी अपनी श्रेणी को 'सामान्य' श्रेणी के रूप में दर्शाएं।

'संबंधित पदों में से, निर्धारित दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) हेतु आरक्षित रिक्तिओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है–

| निर्धारित दिव्यांगजन हेतु आरक्षित रिक्तियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पद | दृ.दि. | क्षृ.दि. | ग.दि. | बौ.अ./ब.दि. | कुल |
| सहायक प्रबंधक | 01 | – | – | – | 01 |

*–दि:दृष्टिबाधित (नेत्रहीनता एवं अल्प दृष्टि); श्र.दि:श्रवण बाधित(बधिर या कम सुनने वाला): ग.दि: गतिविषयक दिव्यांगता (प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीडित, ठीक किया हुआ कुष्ठ, बौनापन, एसिड हमले से पीडित तथा मांसपेशीय दुर्विकास); बौ.अ: बौद्धिक अक्षमता (ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट शिक्षण दिव्यांगता और मानसिक रूग्णता); ब.दि.: बहु–दिव्यांगता (बधिर एवं कम सुनने वाले सहित दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित तथा गतिविषयक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों में से);*

Size: 25x38cm

- पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी किसी भी श्रेणी अर्थात् सामान्य/अ.जा.: /अ.ज.जा/अ.पि.व/ईडब्ल्यूएस से संबंधित हो सकते हैं। पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण क्षैतिज एवं पद के लिए समग्र रिक्तियों के भीतर है।
- आरक्षित श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी, जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते उन्हें अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता शर्तों को पूरा करना होगा।
- ऊपर उल्लिखित रिक्तियों की कुल संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बढ़/घट सकती है। राष्ट्रीय आवास बैंक के पास अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार करने और वास्तविक आवश्यकता को पूरा करने के लिए ऐसे प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थियों पर विचार करने का अधिकार सुरक्षित है

**5. पात्रता**

कृपया ध्यान दें कि विज्ञापन में निर्दिष्ट पात्रता मानदंड पद हेतु आवेदन करने के लिए मूल मानदंड हैं। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार और बैंक द्वारा आवश्यक भर्ती प्रक्रिया के किसी भी आगामी प्रक्रिया स्तर के समय ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में इंगित मूल में प्रासंगिक दस्तावेजों और श्रेणी, राष्ट्रीयता, आयु, शैक्षणिक, व्यावसायिक योग्यता, योग्यता के बाद अनुभव आदि से संबंधित उनकी पहचान और पात्रता के समर्थन में एक फोटोकॉपी प्रदान करनी होगी। कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद किसी भी स्तर पर श्रेणी में बदलाव की अनुमति नहीं होगी और इस संबंध में भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अध ीन, ऑनलाइन आवेदन में जिस श्रेणी को इंगित किया गया है, उस पर विचार करते हुए परिणाम प्रोसेस किया जाएगा। पद के लिए आवेदन करना, केवल साक्षात्कार और आगामी प्रक्रियाओं के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने का अर्थ यह नहीं है कि अभ्यर्थी को अनिवार्यतः बैंक में रोजगार दिया ही जायेगा। अभ्यर्थी ने जिस श्रेणी के अंतर्गत आवेदन किया है, उसके अलावा किसी अन्य श्रेणी में अभ्यर्थिता के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**5.1 राष्ट्रीयता/नागरिकता**

अभ्यर्थी को निम्न होना चाहिये–

(i) भारत का नागरिक हो, या

(ii) नेपाल की प्रजा हो या भूटान की प्रजा या जो भारत में स्थायी रुप से बसने की इच्छा से आये हों (1 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आ गये हों),

(iii) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफरीकी देशों केन्या, यूगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तंजान्यिका और जंजीबार), जांबिया, मालावी, जायरे, इथियोपिया और वियतनाम से प्रव्रजन किया हो।

बशर्ते कि उपरोक्त श्रेणियों (ii) और (iii) श्रेणियों का अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र जारी किया गया हो।

**5.2 आयु सीमा (यथा 01.09.2023 को)**

| पद | आयु (न्यूनतम) | आयु (अधिकतम) |
|---|---|---|
| मुख्य अर्थशास्त्री (अनुबंध पर) | – | 62 वर्ष |
| महाप्रबंधक (स्केल – VII) | 40 वर्ष | 55 वर्ष |
| उप महाप्रबंधक (स्केल – VI) | 40 वर्ष | 55 वर्ष |
| सहायक महाप्रबंधक (स्केल–V) | 32 वर्ष | 50 वर्ष |
| उप प्रबंधक (स्केल–II) | 23 वर्ष | 32 वर्ष |
| वरिष्ठ एप्लीकेशन डेवलपर्स | 25 वर्ष | 35 वर्ष |
| एप्लीकेशन डेवलपर्स | 23 वर्ष | 32 वर्ष |
| सहायक प्रबंधक (स्केल–I) | 21 वर्ष | 30 वर्ष |
| वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी | 40 वर्ष | 59 वर्ष |
| परियोजना वित्त अधिकारी | 35 वर्ष | 59 वर्ष |

नोटः विनिर्दिष्ट अधिकतम आयु सीमा सामान्य एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु लागू है।

**ऊपरी आयु सीमा में छूटः**

| क्र.सं. | अभ्यर्थी की श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 5.2 (क) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 5.2 (ख) | अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 5.2 (ग) | "दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016" के अंतर्गत यथा परिभाषित दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी)। | दिव्यांगजन (सामान्य) – 10 वर्ष<br>दिव्यांगजन (अजा/अजजा)–15 वर्ष<br>दिव्यांगजन (अपिव) – 13 वर्ष |
| 5.2 (घ) | भूतपूर्व सैनिक (ईसीओ/एसएससीओ सहित) बशर्ते आवेदकों ने कम से कम 5 वर्ष सैन्य सेवा प्रदान की हो और कार्यभार (इनमें वे भी शामिल है जिनका कार्यभार 6 महीने के अंदर पूरा होने वाला हो) पूरा करने पर सेवामुक्त किए गए हों। इसके अलावा दुराचरण या अकुशलता के कारण बर्खास्त नहीं किए गए हों या शारीरिक दिव्यांगता के कारण सेवामुक्त किया गया हो या सैन्य सेवा से शारीरिक दिव्यांगता या अशक्ता के कारण सेवामुक्त किया गया हो। ऐसे ईसीओ/एसएससीओ जिन्होंने सैन्य सेवा की अपने पाँच वर्ष का कार्यभार की अवधि पूरी कर ली हो लेकिन उसका कार्य पाँच साल के बाद बढ़ा दिया गया हो और ऐसे मामले जिसमें रक्षा मंत्रालय ने प्रमाणपत्र जारी किया हो कि चयन होने पर वे नियुक्ति के प्रस्ताव की प्राप्ति की तारीख से तीन माह के अंदर सेवामुक्त कर दिए जाएंगे। | 5 वर्ष |

**नोटः**

i. ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने अपनी पुनर्नियुक्ति के लिए उन्हें दिए गए भूतपूर्व सैनिक को दिए जाने वाले लाभों को प्राप्त करने के बाद सिविल पद पर सरकारी नौकरी प्राप्त कर ली है, सरकारी नौकरी में पुनर्नियुक्ति के उद्देश्य हेतु उनके भूतपूर्व सैनिक की स्थिति समाप्त हो जाती है।

ii. बिंदु 5.2 (ग) में आयु सीमा में दी गयी छूट सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार संचयी आधार पर अनुमत्य होगी।

iii. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. श्रेणी के अभ्यार्थियों की ऊपरी आयु सीमा केवल उनके लिये आरक्षित श्रेणी की रिक्तियों हेतु लागू होंगी जहां कही भी रिक्तियां आरक्षित नहीं है, अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के समान ही माना जाएगा अर्थात सामान्य श्रेणी हेतु कोई छूट नहीं उपलब्ध है।

iv. आयु के संदर्भ में सभी छूटों को लागू करने के पश्चात, सभी पदों के लिए अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

v. ऐसे अभ्यर्थी जो आयु में छूट चाह रहे हैं उन्हें बैंक की अपेक्षा अनुसार साक्षात्कार के समय और भर्ती प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में मूल में अपेक्षित प्रमाणपत्र (प्रमाणपत्रों) के साथ उसकी फोटोकॉपी प्रस्तुत करनी होगी।

vi. अधिकारी संवर्ग में भूतपूर्व सैनिकों हेतु कोई आरक्षण नहीं है।

vii. मुख्य अर्थशास्त्री के पद के लिए आयु में छूट लागू नहीं होगी।

**5.3 i. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताधविज्ञापित पदों के लिए व्यावसायिक योग्यता और अर्हता पश्चात अनुभव (यथा 01.09.2023 को)**

| पद | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता/व्यावसायिक योग्यता | न्यूनतम अर्हता पश्चात अनुभव (यथा 01.09.2023 को) |
|---|---|---|
| मुख्य अर्थशास्त्री (अनुबंध पर) | वांछनीयः किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र/बैंकिंग/वित्त में डॉक्टरेट की डिग्री को प्राथ. मिकता दी जाएगी। | अभ्यर्थी के पास किसी वाणिज्यिक बैंक/एफआई/प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसियों/सरकारी निकायों में कम से कम 15 वर्षों का समग्र अनुभव होना चाहिए। जिसमें से किसी वाणिज्यिक बैंक/एफएल/रेटिंग एजेंसियों/सरकारी निकायों में भारतीय अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था (अधिमानतः आवास क्षेत्र) से संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br>अर्थशास्त्री के रूप में वाणिज्यिक बैंक/वित्तीय संस्थान/रेटिंग एजेंसिया/सरकारी निकाय में कार्य अनुभव वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>प्रमुख वित्तीय पत्रिकाओं/समाचार पत्रों में योगदान को अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। |
| महाप्रबंधक (परियोजना वित्त) | चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ किसी भी विषय में स्नातक किसी मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालय से मौद्रिक अर्थशास्त्र या अर्थमिति में विशेषज्ञता के साथ अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री। | बैंकों/वित्तीय संस्थाओं/विनियमित ऋण देने वाली संस्थाओं में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें से बैंकों/वित्तीय संस्थानों/विनियमित ऋण देने वाली संस्थाओं में क्रेडिट/परियोजना वित्त को संभालने में न्यूनतम 12 वर्ष का अनुभव और अभ्यर्थी द्वारा धारित वर्तमान पद स्केल–VI या पीएसबी/एआईएफआई में ग्रेड डी/ऋण देने वाली संस्थाओं के समकक्ष होना चाहिए। |
| उप महाप्रबंधक (सीएफओ) | चार्टर्ड एकाउंटेंट<br>वांछनीय शैक्षणिक योग्यताः<br>पीआरएम/एफआरएम प्रमाणन और/या सीएफए | योग्यता के पश्चात न्यूनतम 12 वर्ष का अनुभव, जिसमें से भारत में पीएसबी/एआईएफआइ/नियामक निकायों में वित्तीय संचालन यानी लेखांकन, कराधान, बजट मामलों की देखरेख में पांच वर्ष का कार्य अनुभव, और अभ्यर्थी द्वारा पीएसबी/एआईएफआई/नियामक निकायों में ग्रेड डी में धारित वर्तमान पद स्केल–V पर होना चाहिए। |
| सहायक महाप्रबंधक (अर्थशास्त्री) | अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>वांछनीयरू एम.फिल, पीएचडी | बैंकों/वित्तीय संस्थानों/सरकारी संस्थानों में 10 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 08 वर्ष का अनुभव आर्थिक अनुसंधान या कार्यनीतिक योजना से संबंधित क्षेत्रों में होना चाहिए और अभ्यर्थी का वर्तमान पद पीएसबी में स्केल IV/एआईएफआई में ग्रेड बी/ऋण देने वाली संस्थाओं में समकक्ष होना चाहिए। |

Size: 25x38cm

| पद | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता/व्यावसायिक योग्यता | न्यूनतम अर्हता पश्चात अनुभव (यथा 01.09.2023 को) |
|---|---|---|
| उप प्रबंधक (अर्थशास्त्री) | अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री. वांछनीयः एम.फिल., पीएच.डी | आर्थिक अनुसंधान या रणनीतिक योजना से संबंधित क्षेत्रों में बैंकों/वित्तीय संस्थानों/सरकारी संस्थानों/अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में 2 वर्ष का अनुभव। बैंकों/वित्तीय संस्थानों में प्रासंगिक अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवार का वर्तमान पद पीएसबी में स्केल I/एआईएफआई में ग्रेड ए/ऋण देने वाली संस्थाओं में समकक्ष होना चाहिए। |
| उप प्रबंधक (एमआईएस) | सांख्यिकी में स्नातकोत्तर डिग्री या ऑपरेशन रिसर्च में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा। वांछनीयः एम.फिल., पीएच.डी | बैंकों/वित्तीय संस्थानों/सरकारी संस्थानों अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों से सम्बंधित एमआईएस/डेटा एनालिटिक्स/पूर्वानुमान से संबंधित क्षेत्रों में 2 वर्ष का अनुभव। अभ्यर्थी का वर्तमान पद पीएसबी में स्केल I/एआईएफआई में ग्रेड ए/ऋण देने वाली संस्थाओं में समकक्ष होना चाहिए। |
| वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी (संविदा पर) | एससीबी/वित्तीय संस्थानों में न्यूनतम 15 वर्षों के कार्य अनुभव वाले अधिकारी, जिनमें से क्रेडिट/परियोजना वित्त को संभालने में न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव। अभ्यर्थी का अंतिम पद एसएमजी स्केल–V या पीएसबी में उससे ऊपर होना चाहिए/वित्तीय संस्थानों में ग्रेड डी या उससे ऊपर होना चाहिए और अंतिम आहरित सकल वेतन आईबीए स्केल के एसएमजी स्केल–V के बराबर होना चाहिए। | क्रेडिट/प्रोजेक्ट प्रस्तावों का मूल्यांकन और प्रबंधन और निगरानी। परियोजना मूल्यांकन, वित्तीय मॉडलिंग और परियोजना मूल्यां. कन में अनुभव। |
| परियोजना वित्त अधिकारी (संविदा पर) | एससीबी/वित्तीय संस्थानों में न्यूनतम 10 वर्षों के कार्य अनुभव वाले अधिकारी, जिनमें से क्रेडिट/परियोजना वित्त को संभालने में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव। उम्मी. दवार का अंतिम पद पीएसबी में एमएमजी स्केल III या उससे ऊपर/वित्तीय संस्थानों में ग्रेड बी या उससे ऊपर होना चाहिए और अंतिम आहरित सकल वेतन आईबीए स्केल के एमएमजी स्केल – III के बराबर होना चाहिए। | क्रेडिट/प्रोजेक्ट प्रस्तावों का मूल्यांकन और प्रबंधन और निगरानी। परियोजना मूल्यांकन, वित्तीय मॉडलिंग और परियोजना मूल्यां. कन में अनुभव। |
| वरिष्ठ एप्लीकेशन डेवलपर्स (संविदा पर) | बी.ई. (सीएस/आईटी)/बी.टेक. (सीएस/आई. टी)/एमसीए/एमटेक (सीएस/आईटी)/बी.एससी. (सीएस/आईटी)/एम.एससी. (सीएस/आईटी) | 48 महीने से अधिक या उसके बराबर (इस भर्ती में उल्लिखित जॉब प्रोफाइल के अनुसार प्रासंगिक अनुभव पर विचार किया जाएगा) |
| एप्लीकेशन डेवलपर्स (संविदा पर) | बी.ई. (सीएस/आईटी)/बी.टेक. (सीएस/आई. टी)/एमसीए/एमटेक (सीएस/आईटी)/बी.एससी. (सीएस/आईटी)/एम.एससी. (सीएस/आईटी) | 24 महीने से अधिक से <48 महीने से कम (इस भर्ती में उल्लिखित जॉब प्रोफाइल के अनुसार प्रासंगिक अनुभव पर विचार किया जाएगा) |

**ii. जेएमजीएस–I (सहायक प्रबंधक):**

| शैक्षणिक योग्यता | अर्हता पश्चात अनुभव | अपेक्षित व्यापक कुशलता |
|---|---|---|
| <u>सामान्य</u><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ किसी विषय में पूर्ण कालिक स्नातक डिग्री (अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांगजन के अभ्यर्थियों के मामले में 55%) अथवा न्यूनतम 55% अंकों (अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांगजन के अभ्यर्थियों के मामले में 50%) के साथ किसी विषय में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई भी समकक्ष योग्यता।<br>चार्टर्ड एकाउंटेंट/सीएमए/कंपनी सचिव की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।<br>अभ्यर्थी के पास मान्य अंक पत्र/डिग्री प्रमाण पत्र/व्यावसायिक योग्यता प्रमाणपत्र होना चाहिए, जिसमें उल्लिखित हो कि वह 01.09.2023 के अनुसार स्नातक/स्नातकोत्तर/चार्टर्ड एकाउंटेंट/सीएमए/कंपनी सचिव (जहां भी लागू हो) है और स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यवसायिक योग्यता में प्राप्त अंकों का प्रतिशत इंगित हो। | हालांकि किसी पूर्व अनुभव की आवश्कता नहीं है, पर संबंधित अनुभव वाले को भारांक दिया जाएगा। | संपर्क कौशल लिखित व मौखिक, आर्थिक परिदृश्य की विश्लेष्णात्मक क्षमता व सामान्य समझ। |
| <u>हिंदी</u><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंक सहित हिंदी में स्नातक डिग्री या न्यूनतम 50% अंक सहित हिंदी में मास्टर डिग्री और डिग्री स्तर पर एक मुख्य विषय के रूप में अंग्रेजी। | हालांकि, किसी पूर्व अनुभव की आवश्यकता नहीं है, सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/बैंक/अकादमिक व्यावसायिक संस्थानों में अंग्रेजी से हिंदी और विलोमतः अनुवाद में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। आशुलिपि (हिंदी)/टंकण का ज्ञान और राजभाषा के संबंध में सरकारी नियमों एवं प्रक्रियाओं का ज्ञान। | सभी स्तर पर हिंदी का सरल प्रयोग। हिंदी टाइपिंग का ज्ञान, संदर्भ सामग्री/परिपत्र/पत्र/प्रभावी संचार हेतु प्रचार सामग्री आदि तैयार करना।<br>हिंदी कार्यशाला/प्रशिक्षण आयोजित करना। राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों, सरकारी दिशानिर्देशों आदि के अनुपालन में बैंक की सहायता करना। |

**iii. नियमित पदों अर्थात महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक (सीएफओ), सहायक महाप्रबंधक, उप प्रबंधक और संविदा पदों हेतु भूमिका और कार्य प्रोफाइल**

| पद का नाम | महाप्रबंधक (परियोजना वित्त) |
|---|---|

**कार्य प्रोफाइलः**

- परियोजना मूल्यांकन, वित्तीय मॉडलिंग
- परियोजना मूल्यांकन, बातचीत
- व्यवसायिक लक्ष्य निर्धारित करना
- बड़े पैमाने पर क्रेडिट/परियोजना वित्त का प्रबंधन
- क्रेडिट/प्रोजेक्ट प्रस्ताव पर विश्लेषण और सिफारिश
- बैंक की क्रेडिट समितियों में प्रस्ताव रखना
- क्रेडिट निरीक्षण का पर्यवेक्षण और निगरानी करना
- क्रेडिट मूल्यांकन और विश्लेषण
- समय–समय पर सौंपा गया कोई अन्य कार्य

**कौशल एवं दक्षताः**

क्रेडिट प्रस्तावों और क्रेडिट निरीक्षण का मूल्यांकन और विश्लेषण

| पद का नाम | उप महाप्रबंधक (मुख्य वित्तीय अधिकारी) |
|---|---|

**कार्य प्रोफाइलः**

- बैंक की रणनीतिक सोच और दिशा के लिए वित्तीय और लेखा जानकारी, विश्लेषण और सिफारिशों का नेतृत्व करके संगठनात्मक स्तर पर वित्तीय रणनीतियों का विकास करना.
- दीर्घकालिक कॉर्पोरेट रणनीतियों और कंपनी नीतियों के विकास के लिए संयुक्त जिम्मेदारी के साथ प्रबंधन टीम के सदस्य के रूप में कॉर्पोरेट निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेना।
- प्रबंधन और सूचना विश्लेषण – वह निम्नलिखित पर वित्तीय अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए शीर्ष प्रबंधन के सलाहकार होंगेः प्रतिस्पर्धी 11 बेंचमार्किंग, प्रदर्शन विश्लेषण, पूर्वानुमान और बजट, हेडकाउंट और मुआवजा पूर्वानुमान, बैलेंस शीट प्रबंधन/आरओई, यूनिट लागत, ग्राहक लाभप्रदता, क्षेत्रीय लाभप्रदता और उत्पाद लाभप्रदता।
- अंतर्राष्ट्रीय लेखा मानकों, कानूनी आवश्यकताओं और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप वित्त और लेखा नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रथाओं की निगरानी और समीक्षा करना।
- वित्तीय रिपोर्टिंग, बजटीय प्रबंधन और प्रबंधन, बोर्ड समितियों और निदेशक मंडल, नियामकों के समक्ष प्रस्तुति सहित वित्तीय जिम्मेदारियों का मालिक होना और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के साथ संबंधों का प्रबंधन करना।
- बैंक के लिए लाभप्रदता विवरण और वार्षिक रिपोर्ट सहित वित्तीय विवरणों की समय पर तैयारी और प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार।
- बैंक में सांविधिक लेखा परीक्षा कार्य की देखरेख करना और लेखा परीक्षा को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करनाय जिसमें दिशानिर्देशों का संचार और पूरे बैंक में लेखा परीक्षा का संचालन शामिल है।
- प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों (जीएसटी), विभिन्न नियामकों जैसे आरबीआई, सेबी, एमओएफ आदि के विनियामक और सांविधिक फाइलिंग और अनुपालन को सुनिश्चित करना। भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार वित्तीय विवरणों का संकलन।
- संबंधित कार्यात्मक क्षेत्र पर नीति निर्माण। वर्टिकल हेड्स से इनपुट के साथ भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार स्टाफ प्रोत्साहन योजना (व्यक्तिगत, समूह और अभियान) की तैयारी और प्रशासन सुनिश्चित करना।
- बैंक में आईएनडी एएस का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना। लेखा मानकों और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों और वित्तीय रिपोर्टिंग (आईसीओएफआर) पर आंतरिक नियंत्रण के रखरखाव के अनुसार लेखांकन प्रणालियों का विकास और लघुकरण।

Size: 25x38cm

| पद का नाम | सहायक महाप्रबंधक (अर्थशास्त्री) |
|---|---|
| **कार्य प्रोफाइलः** | |
| • वैश्विक, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तरों पर प्रमुख आर्थिक और वित्तीय डेटा को ट्रैक, विश्लेषण, मूल्यांकन और पूर्वानुमान करना।<br>• शीर्ष प्रबंधन को विभिन्न आर्थिक और वित्तीय विकासों पर कार्यनीतिक इनपुट प्रदान करना और कार्यनीति और नीति तैयार करने में योगदान देना।<br>• नए व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए अध्ययन करना, परिणामों में सुधार के लिए मौजूदा उत्पादों/प्रक्रियाओं का विश्लेषण करना, जोखिम–समायोजित विवरणी को अधिकतम करने हेतु व्यवसाय हेतु उचित का सुझाव देना।<br>• बैंक के व्यवसाय को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाले विभिन्न सामयिक मुद्दों पर प्रभाव अध्ययन आयोजित करना।<br>• समय–समय पर समनुदेशित कोई अन्य संबंधित कार्य। | |
| पद का नाम | उप प्रबंधक (अर्थशास्त्री) |
| **कार्य प्रोफाइलः** | |
| • वैश्विक, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर प्रमुख आर्थिक और वित्तीय डेटा को ट्रैक, विश्लेषण, मूल्यांकन और पूर्वानुमान करना।<br>• शीर्ष प्रबंधन को विभिन्न आर्थिक और वित्तीय विकास पर कार्यनीतिक जानकारी प्रदान करना और कार्यनीतिक जानकारी के निर्माण में योगदान देना।<br>• नए व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए अध्ययन करना, परिणाम में सुधार के लिए मौजूदा उत्पादों/प्रक्रियाओं का विश्लेषण करना, जोखिम–समायोजित रिटर्न को अधिकतम करने के लिए व्यवसाय के सही मिश्रण का सुझाव देना।<br>• बैंक के व्यवसाय को प्रभावित करने की क्षमता वाले विभिन्न सामयिक मुद्दों पर प्रभाव अध्ययन करना।<br>• कोई अन्य कार्य जो समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपा जा सकता है। | |
| **कौशल एवं दक्षताः** | |
| आर्थिक परिदृश्य और बैंकिंगधवित्तीय क्षेत्र की उत्कृष्ट समझ | |
| पद का नाम | उप प्रबंधक (एमआईएस) |
| **कार्य प्रोफाइलः** | |
| • मजबूत एमआईएस प्लेटफॉर्म का निर्माण और रखरखाव, विभिन्न विभागों के स्तर पर एकत्र किए गए सभी डेटा की समझ और उन्हें संसाधित करना, व्यवस्थित करना और बैंक की वृद्धि के लिए सार्थक जानकारी के रूप में प्रस्तुत करना, बैंक की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर पकड़ सुनिश्चित करने के लिए अंतराल को भरने हेतु नए डेटा आइटम का सुझाव देना।<br>• शीर्ष प्रबंधन, नियामक निकायों और सरकारों से डेटा के लिए नई आवश्यकताओं को पूरा करना। निर्णय लेने के लिए व्यावसायिक रिपोर्ट/डेटा उपलब्ध कराना।<br>• विभिन्न आंतरिक और बाह्य डेटा की तैयारी में शामिल प्रक्रियाओं का स्वचालन कराना।<br>• निर्धारित नियामक रिटर्न की तैयारी और समय पर/सटीक प्रस्तुतिकरण सुनिश्चित करना।<br>• कोई अन्य कार्य जो समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपा जा सकता है। | |
| **कौशल एवं दक्षताः** | |
| उत्कृष्ट डेटा विश्लेषण कौशल | |

| संविदात्मक | |
|---|---|
| पद का नाम | **1. मुख्य अर्थशास्त्री (अनुबंध पर)** |
| **कार्य प्रोफाइलः** | |
| • बैंक में बाजार अनुसंधान में एक टीम का नेतृत्व करना।<br>• आवास क्षेत्र और संबंधित विकास पर कार्यनीतिक जानकारी – बैंक के शीर्ष प्रबंधन को भारत और वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करना।<br>• देश में आवास वित्त क्षेत्र की व्यापक आर्थिक विकास एवं चुनौतियों के आधार पर बैंक की कार्यनीति और नीति पर निविष्टियां प्रदान करना।<br>• नीति निर्माण, विश्लेषण और बाह्य दुनिया में संचार में महत्वपूर्ण भूमिका और आवास/बैंकिंग/वित्तीय/निवेश/आर्थिक नीति डोमेन में अच्छी तरह से परिचित होना चाहिए।<br>• अपने हितधारकों, मीडिया और जनता के लिए बैंक के व्यवसाय प्रोफाइल का आवधिक विश्लेषण एवं प्रस्तुतिकरण।<br>• कोई अन्य कार्य जो समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपा जा सकता है। | |
| **कौशल एवं दक्षताः** | |
| • विशेषज्ञता और घरेलू और विदेशी आर्थिक परिदृश्य, व्यापक आर्थिक संकेतक, अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन, विशेष रूप से आवास क्षेत्र में क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों की गहन समझ होनी चाहिए।<br>• सरकारी आर्थिक नीतियों, कानूनों और विनियमों, वित्तीय और मौद्रिक नीतियों आदि की समझ जो आवास वित्त क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।<br>• अर्थमिति मॉडलिंग, पूर्वानुमान और विश्लेषण की समझ।<br>• बैंकिंग/आर्थिक मुद्दों में विश्लेषणात्मक अंतर्दृष्टि के साथ उत्कृष्ट प्रस्तुति/संचार मौखिक एवं लिखित कौशल।<br>• कार्यनीतिक नेतृत्व कौशल, मजबूत पारस्परिक कौशल और मजबूत विश्लेषणात्मक एवं समस्या समाधान कौशल होना चाहिए। | |
| पद का नाम | **2. वरिष्ठ एप्लीकेशन डेवलपर्स** |
| **कार्य प्रोफाइलः** | |
| बैंक की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक के इन हाउस सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों का विकास, अनुकूलन, परीक्षण और रखरखाव करना।<br>विकास के पास सभी बैंक इन हाउस अनुप्रयोगों के लिए उत्कृष्ट उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने के लिए अनुप्रयोग, एपीआई, एक्सएमएल/एक्सबीआरएल परिवर्तनों को विकसित और प्रबंधित करने और एजाइल डेवलपमेंट टूल्स, डॉक्यूमेंटिंग डेवलपमेंट प्रोसेस, स्कीमा परिभाषाएं, नियम, मानक के साथ–साथ प्रगति रिपोर्ट तैयार करने, समस्या निवारण अनुप्रयोग और डेटाबेस समस्याओं का निवारण करने का अनुभव होना चाहिए। वरिष्ठ एप्लीकेशन डेवलपर्स को विकासकों की टीम का प्रबंधन करने और पैकेजों के विकास, कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए टीम लीड के रूप में काम करने में सक्षम होना चाहिए।<br>निम्न का व्यापक ज्ञान<br>• प्रोग्रामिंग भाषाएं– सीरु, सी, एचटीएमएल, सीएसएस, बूटस्ट्रैप, जावास्क्रिप्ट, जेक्वेरी, वीबी.नेट, विजुअल बेसिक/एक्सेल, पायथन (वांछनीय)<br>• डाटाबेस और बैकएंड टूल्स – एमएस–एसक्यूएल, एसएसआरएस, एसएसआईएस<br>• रिपोर्टिंग टूल्स – पावर बीआई, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, डब्ल्यूपीएफ, डब्ल्यूसीएफ<br>• वेब फ्रेमवर्क – एएसपी.एनईटी<br>• सुरक्षा संबंधी कोडिंग प्रथाएंध्भेद्यता समापन<br>• सॉफ्टवेयर परीक्षण | |
| **कौशल एवं दक्षताः** | |
| • उत्कृष्ट संचार और विश्लेषणात्मक कौशल<br>• कार्यात्मक विशिष्टताओं को तकनीकी विशिष्टताओं/एसआरएस तैयारी/वायरफ्रेम में अनुवादित करना<br>• समस्या समाधान/समस्या निवारण<br>• व्यावसायिक प्रक्रियाओं की बुनियादी समझ (वांछनीय) | |
| पद का नाम | **3. एप्लीकेशन डेवलपर्स** |
| **कार्य प्रोफाइलः** | |
| बैंक की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक के इन हाउस सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों का विकास, अनुकूलन, परीक्षण और रखरखाव करना।<br>विकासक के पास सभी बैंक इन हाउस अनुप्रयोगों के लिए उत्कृष्ट उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने के लिए अनुप्रयोग, एपीआई, एक्सएमएल/एक्सबीआरएल परिवर्तनों को विकसित और प्रबंधित करने और एजाइल डेवलपमेंट टूल्स, डॉक्यूमेंटिंग डेवलपमेंट प्रोसेस, स्कीमा परिभाषाएं, नियम, मानक के साथ–साथ प्रगति रिपोर्ट तैयार करने, समस्या निवारण अनुप्रयोग और डेटाबेस समस्याओं का निवारण करने का अनुभव होना चाहिए। वरिष्ठ एप्लीकेशन डेवलपर्स को विकासकों की टीम का प्रबंधन करने और पैकेजों के विकास, कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए टीम लीड के रूप में काम करने में सक्षम होना चाहिए।<br>**निम्न का व्यापक ज्ञान**<br>• प्रोग्रामिंग भाषाएं– सीरु, सी, एचटीएमएल, सीएसएस, बूटस्ट्रैप, जावास्क्रिप्ट, जेक्वेरी, वीबी.नेट, विजुअल बेसिक/एक्सेल, पायथन (वांछनीय)<br>• डाटाबेस और बैकएंड टूल्स – एमएस–एसक्यूएल, एसएसआरएस, एसएसआईएस<br>• रिपोर्टिंग टूल्स – पावर बीआई, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, डब्ल्यूपीएफ, डब्ल्यूसीएफ<br>• वेब फ्रेमवर्क – एएसपी.एनईटी<br>• सुरक्षा संबंधी कोडिंग प्रथाएं/भेद्यता समापन<br>• सॉफ्टवेयर परीक्षण | |
| **कौशल एवं दक्षताः** | |
| • उत्कृष्ट संचार और विश्लेषणात्मक कौशल | |

| | |
|---|---|
| • कार्यात्मक विशिष्टताओं को तकनीकी विशिष्टताओं/एसआरएस तैयारी/वायरफ्रेम में अनुवादित करना<br>• समस्या समाधान/समस्या निवारण<br>• व्यावसायिक प्रक्रियाओं की बुनियादी समझ (वांछनीय) | |
| पद का नाम | **4. वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी** |
| **कार्य प्रोफाइलः** | |
| • अनुबंध पर परियोजना वित्त अधिकारी की नौकरी प्रोफाइल निम्नानुसार होगीः<br>• परियोजना मूल्यांकन, वित्तीय मॉडलिंग, परियोजना मूल्यांकन, परियोजना मूल्यांकन, वार्ता, ऋण/परियोजना प्रस्ताव तैयार करने, पर्यवेक्षण और निगरानी, परियोजना निरीक्षण में बैंक की सहायता करना।<br>• आवासयी परियोजनाओं/शहरी अवसंरचना विकास परियोजनाओं/पुनर्वित्त प्रस्तावों की सोर्सिंग के लिए राज्य सरकार/बैंक/एचएफसी/आरडीबी या संस्थानों के किसी अन्य वर्ग के साथ सहयोग करने के लिए जिम्मेदार<br>• जानकारी के संग्रह और संकलन और इसकी पूर्णता के लिए जिम्मेदार<br>• प्रस्तावों की उचित जांच–पड़ताल और बैंक द्वारा संवितरण को सुविधाजनक बनाना<br>• क्रेडिट ऑडिट के समन्वय और संचालन में बैंक की सहायता करने और संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ समन्वय में किसी भी चिंता/मुद्दों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार<br>• बैंक और विभिन्न एजेंसियों के साथ एक प्रभावी संचार चौनल विकसित करने और बनाए रखने और परियोजनाओं और इसके एमआईएस की निगरानी के लिए जिम्मेदार बैंक द्वारा असाइन की गई कोई अतिरिक्त गतिविधियां | |
| **कौशल एवं दक्षताः** | |
| • ऋण/परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन और हैंडलिंग और निगरानी। परियोजना मूल्यांकन, वित्तीय मॉडलिंग और परियोजना मूल्यांकन में अनुभव | |
| पद का नाम | **5. परियोजना वित्त अधिकारी** |
| **कार्य प्रोफाइलः** | |
| • अनुबंध पर परियोजना वित्त अधिकारी की नौकरी प्रोफाइल निम्नानुसार होगीः<br>• परियोजना मूल्यांकन, वित्तीय मॉडलिंग, परियोजना मूल्यांकन, परियोजना मूल्यांकन, वार्ता, ऋण/परियोजना प्रस्ताव तैयार करने, पर्यवेक्षण और निगरानी, परियोजना निरीक्षण में बैंक की सहायता करना।<br>• आवास यी परियोजनाओं/शहरी अवसंरचना विकास परियोजनाओं/पुनर्वित्त प्रस्तावों की सोर्सिंग के लिए राज्य सरकार/बैंक/एचएफसी/आरडीबी या संस्थानों के किसी अन्य वर्ग के साथ सहयोग करने के लिए जिम्मेदार<br>• जानकारी के संग्रह और संकलन और इसकी पूर्णता के लिए जिम्मेदार<br>• प्रस्तावों की उचित जांच–पड़ताल और बैंक द्वारा संवितरण को सुविधाजनक बनाना<br>• क्रेडिट ऑडिट के समन्वय और संचालन में बैंक की सहायता करने और संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ समन्वय में किसी भी चिंता/मुद्दों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार<br>• बैंक और विभिन्न एजेंसियों के साथ एक प्रभावी संचार चौनल विकसित करने और बनाए रखने और परियोजनाओं और इसके एमआईएस की निगरानी के लिए जिम्मेदार बैंक द्वारा असाइन की गई कोई अतिरिक्त गतिविधियां | |
| **कौशल एवं दक्षताः** | |
| • ऋण/परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन और हैंडलिंग और निगरानी। परियोजना मूल्यांकन, वित्तीय मॉडलिंग और परियोजना मूल्यांकन में अनुभव | |

**टिप्पणीः**

महाप्रबंधक (स्केल VII), मुख्य अर्थशास्त्री (अनुबंध पर), उप महाप्रबंधक (सीएफओ) (स्केल VI), सहायक महाप्रबंधक (स्केल–V), उप प्रबंधक (स्केल II), वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी और परियोजना वित्त अधिकारी (अनुबंध पर) और एप्लीकेशन डेवलपर्स (अनुबंध पर)

i. अभ्यर्थी को कंप्यूटर पर कार्य करने हेतु निपुण; आपसी संवाद में अभ्यर्थी संवाद कुशलय विश्लेषणात्मक एवं ड्रॉफटिंग में कुशलता; सूक्ष्म जानकारियों पर ध्यान देने की योग्यता; एक समय पर अनेक कार्य करने के साथ टीम निर्माण की कुशलता; अन्य संस्थान में किए गये कार्य का आकर्षक एवं उत्तम ट्रेक रिकॉर्ड होना चाहिए।

ii. उल्लिखित सभी शैक्षणिक योग्यता पूर्ण कालिक एवं भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त/सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड से होनी चाहिए।

iii. ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत के निकटतम दो दशमलव को दर्शाने होंगे। यदि विश्वविद्यालय/संस्थानों ने समग्र ग्रेड प्वाइंट (अर्थात सीजीपीए/ओजीपीए आदि) दिए हों तो उन्हें प्रतिशत में रूपांतरित करके ऑनलाइन आवेदन में दर्शाना होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर अभ्यर्थी को उचित प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ समग्र ग्रेड प्वाइंट को प्रतिशत में रूपांतरित करने संबंधी विश्वविद्यालय के नियम एवं उन नियमों के अनुसार अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए अंकों के प्रतिशत लिखे होने चाहिए।

iv. प्रतिशत की गणनाः सभी सेमेस्टर/वर्षों में सभी विषयों में प्राप्त किए हुए अंको को ऑनर्स/वैकल्पिक/अतिरिक्त वैकल्पिक विषय यदि कोई हो, के बावजूद अधिकतम अंकों से विभाजित करके प्रतिशत अंक निकाले जाएंगे। यह नियम उन विश्वविद्यालयों के लिए भी लागू होगा, जहां वर्ग/श्रेणी केवल ऑनर्स के अंको पर आधारित हो।

v. अभ्यर्थी के पास वैध अंक सूची/डिग्री प्रमाणपत्र/व्यावसायिक योग्यता प्रमाणपत्र होना चाहिए, जिसमें वर्णित हो कि वह यथा 01.09.2023 तक स्नातक/स्नातकोत्तर/सनदी लेखाकार/आईसीडब्ल्यूएआई आदि है और ऑनलाइन पंजीकरण करते समय स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यावसायिक योग्यता में प्राप्त अंकों का प्रतिशत इंगित करें।

vi. योग्यता के बाद अनुभव पर विचार केवल न्यूनतम अनुभव के आकलन हेतु किया जाएगा।

vii. यदि डिग्री/डिप्लोमा का प्रमाण पत्र विशेषज्ञता के क्षेत्र को निर्दिष्ट नहीं करता है, तो अभ्यर्थियों को विशेषज्ञता का उल्लेख करते हुए संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज से प्रमाण पत्र प्रदान करना होगा।

viii. ऐसे मामलों में जहां एक विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता होती है, प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेषतः यह होना चाहिए कि अभ्यर्थी को उस विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव था।

ix. बैंक शैक्षणिक योग्यता, व्यवसायिक योग्यता और/या योग्यता के बाद अनुभव से संबंधित पात्रता मानदंडों को परिवर्तित या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आवश्यकता के आधार पर, बैंक आवश्यकता पड़ने पर बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया के किसी भी या सभी प्रावधानों को रद्द करने या रोकने या कम करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

x. उपरोक्त पदों के लिए आउटसोर्सिंग विक्रेता, सेवा प्रदाता, नोलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग (केपीओ)/बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) या आईटी समर्थन सेवा प्रदाता के माध्यम से अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा।

xi. उप प्रबंधक के पद के लिए, यदि बैंक को अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो बैंक योग्यता परीक्षा के अनुरूप ही अभ्यर्थीयों की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करेगा और कट–ऑफ पास करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। परीक्षा पैटर्न और परीक्षण पद्धति अलग से अधिसूचित की जाएगी।

xii. अभ्यर्थियों को उसकी पात्रता संबंधी समर्थन दस्तावेजों को अपलोड करना या उनकी स्कैन प्रति प्रेषित करना पड़ सकता है, यदि उन्हें ऐसा निर्देश दिया जाता है।

**जेएमजीएस – I (सहायक प्रबंधक):**

i. अभ्यर्थी जिसका अंतिम परिणाम प्रतीक्षित है और आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है।

ii. उल्लिखित सभी शैक्षणिक योग्यता भारत के केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के अधिनियम या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थानों या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा–3 के अंतर्गत घोषित विश्वविद्यालयों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।

iii. 01.09.2023 को या उससे पहले परिणाम घोषित करने के लिए विश्वविद्यालयों/संस्थानों से उचित दस्तावेज साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा। पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी की गई मार्कशीट या अनंतिम प्रमाणपत्र पर प्रदर्शित होने की तिथि होगी। यदि किसी निर्धारित परीक्षा हेतु परिणाम विश्वविद्यालय/संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाते है तथा वेब आधारित प्रमाण पत्र जारी किया जाता है ऐसी स्थिति में उचित मूल दस्तावेज/प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय/संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एवं हस्ताक्षरित होना चाहिए जिसमें उत्तीर्ण होने की तिथि भलीभांति उल्लिखित होनी चाहिए जो कि सत्यापन तथा आगे की प्रक्रिया के लिए आवश्यक होगा।

iv. ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत के निकटतम दो दशमलव को दर्शाने होंगे। यदि विश्वविद्यालय/संस्थानों ने समग्र ग्रेड प्वाइंट (अर्थात सीजीपीए/ओजीपीए आदि) दिए हों तो उन्हें प्रतिशत में रूपांतरित करके ऑनलाइन आवेदन में दर्शाना होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर अभ्यर्थी को उचित प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ समग्र ग्रेड प्वाइंट को प्रतिशत में रूपांतरित करने संबंधी विश्वविद्यालय के नियम एवं उन नियमों के अनुसार अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए अंकों के प्रतिशत लिखे होने चाहिए।

v. प्रतिशत की गणनाः सभी सेमेस्टर/वर्षों में सभी विषयों में प्राप्त किए हुए अंकों को ऑनर्स/वैकल्पिक/अतिरिक्त वैकल्पिक विषय यदि कोई हो, के बावजूद अधिकतम अंकों से विभाजित करके प्रतिशत अंक निकाले जाएंगे। यह नियम उन विश्वविद्यालयों के लिए भी लागू होगा, जहां वर्ग/श्रेणी केवल ऑनर्स के अंको पर आधारित हो। इस तरह निकाले गए प्रतिशत में अपूर्णांक को नजरअंदाज किया जाएगा, जैसे 59.99% को 60% से कम समझा जाएगाय 54.99% को 55% से कम समझा जाएगा और 49.99% को 50% से कम समझा जाएगा।

**5.4 निर्धारित दिव्यांगजन हेतु आरक्षण**

"दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016" की धारा 34 के अंतर्गत केवल निर्धारित दिव्यांगजन ही आरक्षण हेतु पात्र हैं। "निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्ति से आशय उस व्यक्ति से है जो विनिर्दिष्ट दिव्यांगता का कम से कम चालीस प्रतिशत दिव्यांग हो, उन मामलों में जहां विनिर्दिष्ट दिव्यांगता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है, प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार इसके अंतर्गत वह दिव्यांग व्यक्ति भी आता है जिसकी दिव्यांगता को मापन की श्रेणी में रखा गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत शामिल दिव्यांगताओं की आरक्षित श्रेणियां नामतः हैं:

क. दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि;

ख. बधिर एवं कम सुनने वाला;

ग. प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित, ठीक किया हुआ कुष्ठ, बौनापन, एसिड हमले से पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास सहित चालन संबंधी दिव्यांगता;

घ. ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट शिक्षण दिव्यांगता और मानसिक रूग्णता;

ङ. बधिर–दृष्टिहीनता सहित (क) से (घ) खंडों के अंतर्गत व्यक्तियों के साथ–साथ बहु–दिव्यांगताएं।

**टिप्पणीः**

i. उपरोक्त निर्दिष्ट दिव्यांगताओं की परिभाषा "दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016" के अनुसार होंगे।

ii. निर्धारित दिव्यांग अभ्यर्थी किसी भी श्रेणी अर्थात सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस से हो सकते हैं। निर्धारित दिव्यांग व्यक्तियों हेतु आरक्षण समस्तरीय हैं और इस पद हेतु कुल रिक्तियों के भीतर हैं।

iii. निर्धारित दिव्यांग अभ्यर्थियों के पास "दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016" के माध्यम से निर्धारित सक्षम प्राधिकारी के द्वारा जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र की बैंक/सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्णय अनुसार जांच/पुनः जांच की जा सकती है।

**5.5 स्क्राइब का उपयोग एवं प्रतिपूरक समयः**

दृष्टिबाधित अभ्यर्थी और ऐसे अभ्यर्थी जिनकी लिखने की गति किसी भी कारण से प्रतिकूल तरीके से हमेशा के लिए प्रभावित हुई है वे ऑनलाइन परीक्षा के समय अपने खर्च पर अपने खुद के स्क्राइब का उपयोग कर सकते हैं। उन सभी मामलों में जहां स्क्राइब का इस्तेमाल किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू होंगेः

i. अभ्यर्थी को अपने निजी खर्च पर अपने स्क्राइब का प्रबंध करना होगा।

ii. अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों को परीक्षा के समय स्क्राइब के पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ के साथ निर्धारित प्रारूप में उपयुक्त वचनपत्र देना होगा। इसके अतिरिक्त यदि बाद में यह पाया जाता है कि यदि उन्होंने किसी भी निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा नहीं किया है या भौतिक तथ्यों को दबाया है तो आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी, चाहे परीक्षा का परिणाम कुछ भी क्यों न हों।

iii. ऐसे अभ्यर्थी जो स्क्राइब का उपयोग करते हैं वे परीक्षा के प्रत्येक घंटे में 20 मिनट या अन्य यथासूचित प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे।

**iv. अभ्यर्थी द्वारा व्यवस्था किए गए स्क्राइब ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी नहीं होने चाहिए। यदि प्रक्रिया के किसी भी चरण में उपरोक्त का उल्लंघन पाया जाता है तो अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। जो अभ्यर्थी पात्र हैं और परीक्षा में स्क्राइब की सेवा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में सावधानीपूर्वक इस बात का उल्लेख करना होगा। बाद में किए गए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

v. केवल प्रतिपूरक समय हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों को ही ऐसे छूट की अनुमति होगी क्योंकि अभ्यर्थी को दिया गया प्रतिपूरक समय सिस्टम आधारित होगा, यदि उन्होंने इसके लिए पंजीकरण नहीं करवाया है तो परीक्षा का आयोजन करने वाली एजेंसी के लिए इस समय की अनुमति देना संभव नहीं होगा। जिन अभ्यर्थियों ने प्रतिपूरक समय हेतु पंजीकरण नहीं करवाया है उन्हें यह छूट नहीं दी जाएगी।

vi. प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित सहित चालन संबंधी दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश –

चालन संबंधी दिव्यांगता एवं प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित अभ्यर्थियों को प्रति घंटा 20 मिनट या अन्यथा सूचित प्रतिपूरक समय की अनुमति दी जाएगी जहां लिखने कार्य निष्पादन के धीमा होने की सीमा (न्यूनतम 40% की हानि) तक प्रभावित होती है।

**vii. दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश–**

क) दृष्टिबाधित अभ्यर्थी (जो 40% से अधिक दिव्यांगता से पीड़ित हैं) परीक्षा की सामग्री को बड़े फॉन्ट में देखने के विकल्प को चुन सकते हैं और ऐसे सभी अभ्यर्थी प्रत्येक घंटे हेतु 20 मिनट या परीक्षा में अन्यथा सूचित प्रतिपूरक समय हेतु पात्र होंगे।

ख) जो दृष्टि बाधित अभ्यर्थी परीक्षा हेतु स्क्राइब की सेवा का उपयोग करते हैं उन्हें बड़े फॉन्ट में परीक्षा की सामग्री को देखने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

**viii. बौद्धिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश–**

40% से अधिक बौद्धिक अक्षमता (ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट शिक्षण दिव्यांगता और मानसिक रूग्णता) वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट की प्रतिपूरक समय दिया जाएगा चाहे वे स्क्राइब की सेवा का उपयोग करते हैं या नहीं करते हैं।

ix. कोई भी अभ्यर्थी जो स्क्राइब का उपयोग कर रहे हैं उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि वे उपरोक्त दिशा–निर्देश के अनुसार परीक्षा में स्क्राइब के उपयोग हेतु पात्र हैं। कोई भी अभ्यर्थी उपरोक्त दिशा–निर्देश के उल्लंघन में स्क्राइब का उपयोग करते हैं उन्हें अयोग्य घोषित किया जाएगा और यदि उन्होंने बैंक की सेवा ग्रहण कर ली है तो बिना किसी नोटिस के सेवा से निकाला जा सकता है।

ये दिशा–निर्देश समय–समय पर भारत सरकार के दिशानिर्देश/स्पष्टीकरण के संदर्भ में परिवर्तन के अधीन हैं।

**5.6 स्क्राइब (लेखन सहायक) तथा क्षतिपूरक समय का प्रयोग (जिन्हें 40% से कम निःशक्तता/दिव्यांगता है):**

पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों (जिन्हें 40ः या अधिक की निःशक्तता/दिव्यांगता है) पर लागू निर्देशों के अलावा, निम्नलिखित नियम आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के तहत शामिल निर्दिष्ट दिव्यांग व्यक्तियों जो की उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के तहत शामिल नहीं हैं, यानी 40% से कम दिव्यांगता वाले व्यक्ति और लिखने में कठिनाई हो रही है; पर लागू होगीः

(क) लेखन सहायक औरध्या क्षतिपूरक समय की सुविधा केवल उन्हीं उम्मीदवारों को दी जाएगी जिन्हें लिखने में कठिनाई होती है और जो अनुबंध–I के प्रोफार्मा के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी इस आशय का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में कठिनाई है और उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए लेखन सहायक आवश्यक है।

(ख) लेखन सहायक (स्क्राइब) की योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर नीचे होनी चाहिए। स्क्राइब का चयन करने वाले व्यक्ति को अनुबंध II के प्रोफार्मा के अनुसार स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

**5.7 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) हेतु आरक्षण**

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 31.01.2019 को जारी कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019–(आ.) के अनुसार ईडब्ल्यूएस का मतलब है कि 'ऐसे व्यक्ति जो अजा, अजजा और अपिव हेतु आरक्षण की योजना के अंतर्गत शामिल नहीं हैं और जिनके परिवार की सकल वार्षिक आय **8 लाख रूपये (आठ लाख रूपए मात्र)** से कम है उन्हें आरक्षण के लाभ हेतु ईडब्ल्यूएस के तौर पर चिन्हित किया जाएगा। आवेदन के वर्ष से पूर्व वित्त वर्ष हेतु आय में सभी स्रोत अर्थात वेतन, कृषि, कारोबार, पेशा आदि से आय भी शामिल की जायेगी।

ऐसे व्यक्ति जिनके परिवार के पास निम्नलिखित आस्तियों में से कोई है उन्हें ईडब्ल्यूएस के रूप में चिन्हित नहीं किया जाएगा, चाहे उनकी पारिवारिक आय कुछ भी होः–

i. 5 एकड़ और उससे अधिक कृषि भूमि;

ii. 1000 वर्ग फीट और उससे अधिक का रिहायशी फ्लैट;

iii. अधिसूचित नगर पालिकाओं में 100 वर्ग गज और उससे अधिक का रिहायशी प्लॉट;

iv. अधिसूचित नगर पालिकाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों में 200 वर्ग गज और उससे अधिक का रिहायशी प्लॉट।

ईडब्ल्यूएस स्थिति को निर्धारित करने हेतु भूमि या संपत्ति धारण जांच करते हुए विभिन्न स्थलों/जगहों/शहरों में **'परिवार'** द्वारा धारित संपत्ति को शामिल किया जाएगा।

इस उद्देश्य हेतु **'परिवार'** शब्द में वह व्यक्ति जो आरक्षण का लाभ लेना चाहता है, उसके माता–पिता और 18 वर्ष से कम उम्र के भाई–बहन के साथ ही उनके पतिध्उनकी पत्नी और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे शामिल होंगे।

**आय और संपत्ति प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारीः**

उपरोक्त उल्लिखित कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, "ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र प्रदान करने पर प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित में से किसी एक अधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाणपत्र ही केवल ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगाः

i. जिला न्यायाधीश/अपर जिला न्यायाधीश/कलेक्टर/उपायुक्त/अतिरिक्त उपायुक्त/प्रथम श्रेणी वजीफा मजिस्ट्रेट/अनुमंडल न्यायाधीश/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यकारी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त।

ii. मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट।

iii. राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के रैंक से नीचे का न हो।

iv. अनुमंडल अधिकारी या वह क्षेत्र जहां आमतौर पर अभ्यर्थी और/या उसका परिवार निवास करता है।

अस्वीकरणः ईडब्ल्यूएस रिक्तियां अनंतिम हैं और भारत सरकार के आगे के निदेश तथा किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन हैं।

ये दिशा–निर्देश समय–समय पर भारत सरकार के दिशानिर्देश/स्पष्टीकरण के संदर्भ में परिवर्तन के अधीन हैं।

**6. चयन प्रक्रिया**

**क. जेएमजीएस –I (सहायक प्रबंधक) के लिए चयन प्रक्रिया**

**चरण I: ऑनलाइन परीक्षाः**

ऑनलाइन परीक्षा में वस्तुनिष्ठ और व्याख्यात्मक दोनों प्रकार की परीक्षा होगी। वस्तुनिष्ठ परीक्षा के 200 अंक होंगे, समय 3 घंटा और उसमें 4 खण्ड होंगे। प्रत्येक खण्ड के लिये अलग समय निर्धारित होगा। ऑनलाइन परीक्षा की संरचना निम्नानुसार होगीः

सहायक प्रबंधक (सामान्य) जेएमजीएस – I के लिए,

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम (अनुक्रम से नहीं) | प्रश्नों की सं. | अधिकतम अंक | परीक्षा माध्यम | प्रत्येक खण्ड के लिए नियत समय (पृथक समय) | परीक्षा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्कशक्ति एवं कंम्प्यूटर अभिरुचि | 45 | 60 | अंग्रेजी व हिन्दी | 60 मिनट | वस्तुनिष्ठ |
| 2 | सामान्य जानकारी (अर्थव्यवस्था व बैंकिंग पर विशेष ध्यान) तथा कंम्प्यूटर ज्ञान | 50 | 50 | अंग्रेजी व हिन्दी | 40 मिनट | |
| 3 | अंग्रेजी भाषा | 25 | 30 | अंग्रेजी | 35 मिनट | |
| 4 | संख्यात्मक अभिरुचि (डाटा विशलेषण व व्याख्या पर विशेष ध्यान) | 35 | 60 | अंग्रेजी व हिन्दी | 45 मिनट | |
| | **कुल** | **155** | **200** | | **03 घंटे** | |
| | अंग्रेजी भाषा* (पत्र लेखन तथा निबंध) | 02 | 25 | अंग्रेजी | 30 मिनट | व्याख्यात्मक |

सहायक प्रबंधक (हिंदी) जेएमजीएस – I के लिए,

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम (अनुक्रम से नहीं) | प्रश्नों की सं. | अधिकतम अंक | परीक्षा माध्यम | प्रत्येक खण्ड के लिए नियत समय (पृथक समय) | परीक्षा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्कशक्ति एवं कंम्प्यूटर अभिरुचि | 45 | 45 | अंग्रेजी व हिन्दी | 45 मिनट | वस्तुनिष्ठ |
| 2 | सामान्य जानकारी (अर्थव्यवस्था व बैंकिंग पर विशेष ध्यान) तथा कंम्प्यूटर ज्ञान | 50 | 50 | अंग्रेजी व हिन्दी | 45 मिनट | |
| 3 | अंग्रेजी भाषा | 25 | 30 | अंग्रेजी | 30 मिनट | |

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम (अनुक्रम से नहीं) | प्रश्नों की सं. | अधिकतम अंक | परीक्षा माध्यम | प्रत्येक खण्ड के लिए नियत समय (पृथक समय) | परीक्षा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान | 50 | 75 | हिन्दी | 60 मिनट | |
| | **कुल** | **170** | **200** | | **03 घंटे** | |
| | हिन्दी भाषा* (पत्र लेखन तथा निबंध) | 02 | 25 | अंग्रेजी | 30 मिनट | व्याख्यात्मक |

*व्याख्यात्मक परीक्षा 25 अंकों की अंग्रेजी भाषा की परीक्षा है। परीक्षा 30 मिनट की होगी और इसमें दो भाग होंगे एक में पत्र लेखन और दूसरा निबंध। अभ्यर्थियों को कंप्यूटर पर टाइप करके यह परीक्षा देनी होगी। वस्तुनिष्ठ परीक्षा समाप्त होते ही शीघ्र व्याख्यात्मक परीक्षा शुरू हो जाएगी। व्याख्यात्मक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी तथा अभ्यर्थियों को इसमें निर्धारित अंक प्राप्त करने होंगे। व्याख्यात्मक परीक्षा पत्र का मूल्यांकन अभ्यर्थी द्वारा वस्तुनिष्ठ परीक्षा में न्यूनतम अंक प्राप्त करने पर ही किया जाएगा।

**बैंक को परीक्षा की प्रक्रिया को संशोधित करने का अधिकार है जिसकी सूचना बैंक की वेबसाइट पर दी जाएगी। परीक्षा के बारे में अन्य विस्तृत जानकारी एक इंफार्मेशन हैंडआउट में दी जाएगी जिसे अभ्यर्थियों के लिये एनएचबी की अधिकृत वेबसाइट www.nhb.org.in से ई–कॉल पत्रों के साथ डाउनलोड करने के लिये उपलब्ध कराई जाएगी।**

गलत उत्तरों के लिए पेनल्टीः –

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न के पांच विकल्प होंगे जिनमें से कोई एक सही होगा। आब्जेक्टिव परीक्षा में गलत चिन्हित उत्तर के लिये पेनल्टी होगी। प्रत्येक गलत चिन्हित उत्तर के लिये, उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों के एक चौथाई अंक काट कर सही योग ज्ञात होगा। यदि कोई प्रश्न छोड़ दिया जाता है अर्थात अभ्यर्थी द्वारा कोई उत्तर चिन्हित नहीं किया जाता तो उस प्रश्न के लिये कोई पेनल्टी नहीं होगी।

अंकः

- प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा भिन्न खण्डों में प्राप्त सही योग (यदि हों) को इक्वि–पर्सेन्टाइल विधि से सामान्य किया जाएगा।
- दो दशमलव अंक तक स्कोर को गणना में शामिल किया जाएगा।

कट–ऑफ अंक (ऑनलाइन परीक्षा)

प्रत्येक अभ्यर्थी को वस्तुनिष्ठ परीक्षा के प्रत्येक खंड में न्यूनतम अंक प्राप्त करना अपेक्षित होगा और साक्षात्कार के लिये चयन करते समय भी न्यूनतम अंकों पर विचार किया जाएगा। **व्याख्यात्मक परीक्षा उत्तीर्ण करने की प्रकृति का है और उसमें प्राप्त अंकों पर साक्षात्कार के लिये अभ्यर्थियों का चयन करते समय विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, अभ्यर्थी को व्याख्यात्मक परीक्षा में न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे। व्याख्यात्मक परीक्षा का मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ परीक्षा में न्यूनतम अंक प्राप्त करने की शर्त पर ही किया जाएगा।**

उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के आधार पर, कट–आफ का निर्धारण किया जाएगा और अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के लिये चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया समाप्त होने से पूर्व, ऑनलाइन परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंक चयनित अभ्यर्थियों को सूचित नहीं किये जाएंगे।

चरण II–साक्षात्कार:

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर एक श्रेणीवार योग्यता सूची तैयार की जाएगी। साक्षात्कार के लिये चयन करने के लिए न्यूनतम कुल कट–आफ अंकों का निर्णय बैंक द्वारा रिक्तियों की संख्या के अनुसार किया जाएगा। साक्षात्कार के लिये चयनित अभ्यर्थियों को रोल नंबर एनएचबी वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे। साक्षात्कार नई दिल्ली स्थित एनएचबी मुख्य कार्यालय में ही आयोजित किये जाएंगे। साक्षात्कार के लिये समय और दिनांक की सूचना चयनित अभ्यर्थियों को ई–कॉल लेटर में दी जाएगी। अभ्यर्थियों को एनएचबी वेबसाइट www.nhb.org.in से अपने ई–कॉल लेटर डाउनलोड कर लेने चाहिए। कृपया ध्यान दें कि साक्षात्कार की तारीख, समय, केन्द्र आदि में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, बैंक को किन्हीं आकस्मिक परिस्थितियों में, यदि कोई हों, स्व–निर्णयानुसार साक्षात्कार की तारीख/केन्द्र आदि को बदलने का अधिकार होगा। अभ्यर्थी हिन्दी या अंग्रेजी में साक्षात्कार का विकल्प चुन सकता है।

साक्षात्कार के लिए आवंटित कुल अंक 50 हैं। साक्षात्कार में न्यूनतम योग्यता अंक बैंक द्वारा निर्णीत किए जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार का भारांक (अनुपात) क्रमशः 80:20 होगा। अंतिम चयन मेरिट लिस्ट के द्वारा होगा जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन दी गई परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को जोड़ने के बाद तैयार किया जाएगा। अभ्यर्थी को ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में सफल होना चाहिए तथा अंतिम चयन सूची में आने के लिये पर्याप्त अधिकाधिक अंक प्राप्त करने चाहिए।

**ख. महाप्रबंधक (स्केल VII), मुख्य अर्थशास्त्री (अनुबंध पर), उप महाप्रबंधक, सीएफओ (स्केल VI), सहायक महाप्रबंधक (स्केल V) उप प्रबंधक (स्केल II), वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी (अनुबंध पर), परियोजना वित्त अधिकारी (अनुबंध पर) और एप्लीकेशन डेवलपर्स (अनुबंध पर) हेतु चयन प्रक्रिया**

चयन शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के आधार पर होगा। आवेदन और पात्रता मानदंड पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, स्क्रीनिंग समिति द्वारा आवेदनों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग करने हेतु शॉर्टलिस्टिंग योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। उप प्रबंधक के पद के लिए, यदि बैंक को अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो बैंक योग्यता परीक्षा के अनुरूप ही अभ्यर्थियों की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करेगा और कट–ऑफ पास करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। परीक्षा पैटर्न और परीक्षण पद्धति अलग से अधिसूचित की जाएगी।

चयन शैक्षणिक, व्यावसायिक योग्यता, योग्यता के बाद के अनुभव और साक्षात्कार में किये गये प्रदर्शन के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में न्यूनतम अंकों को प्राप्त करना होगा और अंतिम रैंक पर अंतिम रैंक सूची तैयार करने पर ही विचार किया जायेगा। हालांकि, पद के लिए चयन उस पद के लिए संबंधित श्रेणी रैंक सूची में उनके पद पर आधारित होगा।

चयन के लिए योग्यता सूची साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी कट–ऑफ अंक (कट–ऑफ पॉइंट पर सामान्य अंक) स्कोर करते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में, अवरोही क्रम में उनकी आयु के अनुसार रैंक दी जाएगी। पूछे जाने पर उम्मीदवारो को अपनी पात्रता मानदंड का समर्थन करने वाले दस्तावेज अपलोड या जमा करने पड़ सकते हैं।

केवल न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का अधिकार नहीं प्राप्त होता है। बैंक द्वारा गठित चयन समिति चयन हेतु मानदंड तय करेगी और तत्पश्चात बैंक द्वारा निर्णित अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या का चयन किया जायेगा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को बुलाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में बैंक द्वारा किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा। केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु अधिकार प्राप्त नहीं हो होता है। बैंक अभ्यर्थी की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संदर्भ में प्रारंभिक स्क्रीनिंगध्चयन के बाद साक्षात्कार के लिए केवल अपेक्षित अभ्यर्थियों को बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**विज्ञापित पदों के लिए साक्षात्कार हेतु उपस्थित होते समय, अभ्यर्थी को नीचे दिए गए वैध निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए। दस्तावेजों की अनुपस्थिति में अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।**

**साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची (जैसा लागू हो):**

अभ्यर्थी की पात्रता और पहचान के समर्थन में मूल और स्व–सत्यापित फोटोकॉपी में निम्नलिखित दस्तावेजों को साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से लाना अपेक्षित है, न लाने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी द्वारा अपेक्षित दस्तावेजों को न लाने पर भर्ती प्रक्रिया में आगे हिस्सा लेने से उसकी अभ्यर्थिता को रद्द कर दिया जाएगा।

(i) वैध साक्षात्कार ई–कॉल लेटर का प्रिंटआउट।

(ii) पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का वैध सिस्टम जनरेटेड प्रिंटआउट।

(iii) जन्म तिथि का प्रमाण (सक्षम नगरपालिका प्राधिकारण द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र या जन्म तिथि के साथ एसएसएलसी/कक्षा X प्रमाणपत्र)

(iv) विज्ञापन के बिंदु 10(झ) में इंगित फोटो पहचान प्रमाण

(v) स्नातक या स्नातकोत्तर आदि की मार्क शीट या प्रमाण पत्र। 01.09.2023 को या उससे पहले विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा घोषित परिणाम वाले उचित दस्तावेज जमा करना होगा।

(vi) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र।

ओबीसी वर्ग में आने वाले अभ्यर्थियों के मामले में, प्रमाणपत्र में विशेष रूप से एक खंड होना चाहिए कि अभ्यर्थी भारत सरकार के अधीन नागरिक पदों और सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण के अभिलाभों को छोड़कर क्रिमी लेयर वर्ग में नहीं आता है। क्रिमी लेयर वाले ओबीसी जाति प्रमाण पत्र को चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष) के दौरान जारी किया जाना चाहिए। प्रमाण पत्र में उल्लिखित जाति का नाम केंद्र सरकार की सूची/अधिसूचना के साथ पत्र द्वारा पत्र से मेल खाना चाहिए। साक्षात्कार के समय, ओबीसी अभ्यर्थी को उस वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान जारी गैर– क्रिमी लेयर खंड वाला जाति प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है।

ओबीसी वर्ग में आने वाले अभ्यर्थी परंतु जो क्रीमी लेयर में आते हैं और/या यदि उनकी जाति को केंद्रीय सूची में जगह नहीं मिलती है तो वे ओबीसी आरक्षण के हकदार नहीं हैं। उन्हें ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में सामान्य वर्ग के रूप में अपनी श्रेणी को इंगित करना होगा।

(vii) बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणी वाले व्यक्तियों के मामले में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र।

यदि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन परीक्षा के समय स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग किया है, तो उसे निर्धारित प्रारूप में स्क्राइब का विवरण विधिवत भरना होगा।

(viii) ईडब्ल्यूएस श्रेणी के मामले में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र। आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र चालू वित्तीय वर्ष के दौरान जारी किया जाने वाला होना चाहिए। साक्षात्कार के समय, ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी को वित्तीय वर्ष उस 2023–24 के दौरान आय तथा संपत्ति प्रमाण पत्र लाना होगा।

(ix) भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय पेंशन भुगतान आदेश और अंतिम/वर्तमान में दी गयी (मूल के साथ कार्यकारी) रैंक के दस्तावेजी प्रमाण के साथ सेवा या सेवामुक्त बुक की प्रति प्रदान करनी होगी।

(x) अभ्यर्थी जो सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में कार्य कर रहा है, को साक्षात्कार के समय उनके संबंधित नियोक्ता द्वारा जारी "अनापत्ति प्रमाणपत्र" लाना अपेक्षित है, जिसके अभाव में उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा व्यय, यदि कोई हो, अन्यथा का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(xi) अनुभव प्रमाण पत्र, यदि कोई हो।

(xii) योग्यता के बाद अनुभव का प्रमाणपत्र

(xiii) उपर्युक्त **बिंदु 5.1** की श्रेणियों (ii), (iii), (iv) और (v) में आने वाले व्यक्तियों को भारत सरकार द्वारा जारी पात्रता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(xiv) योग्यता के समर्थन में कोई अन्य संबंधित दस्तावेज।

टिप्पणी:– यदि अभ्यर्थी उपर्युक्त उल्लिखित संबंधित पात्रता दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो उन्हें साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साक्षात्कार के समय प्रासंगिक पात्रता दस्तावेजों को न लाने पर, भर्ती की आगे की प्रक्रियाओं के लिए अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/ईडब्ल्यूएस को प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारी को समय–समय पर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाता है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/ईडब्ल्यूएस श्रेणियों से आने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय इसके समर्थन में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार आदि के समय भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में अनुसूचित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक के समर्थन में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अलावा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक श्रेणियों के प्रमाण पत्र रद्द कर दिए जाएंगे।

## 7. परिलब्धियां और सेवा शर्तें

| पद | स्केल | वेतनमान |
|---|---|---|
| नियमित पद* | | |
| महाप्रबंधक | स्केल – VII | 116120 – 3220/4 – 129000 |
| उप महाप्रबंधक | स्केल – VI | 104240 – 2970/4 – 116120 |
| सहायक महाप्रबंधक | स्केल –V | 89890 – 2500/2 – 94890 – 2730/2 – 100350 |
| उप प्रबंधक | स्केल – II | 48170 – 1740/1 – 49910 – 1990/10 – 69810 |
| सहायक प्रबंधक | स्केल I | 36000 – 1490/7 – 46430 – 1740/2 – 49910 – 1990/7-63840 |

| संविदात्मक पद | | अनुबंध की अवधि |
|---|---|---|
| मुख्य अर्थशास्त्री | 5 लाख रूपये प्रति माह (3.75 लाख रूपये रुपये के निश्चित वेतन और 1.25 लाख रूपये के परिवर्तनीय वेतन के साथ) का मार्केट लिंक परिलब्धियां। परिवर्तनीय वेतन को प्रदर्शन रेटिंग से जोड़ा जाएगा।<br>बाहरी ड्यूटी के मामले में, यात्रा और विराम भत्ते बैंक के स्केल – VII को यथा लागू के सामान होंगें। | प्रारंभ में 3 वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक समीक्षा के अधीन, जिसे अधिकतम 5 वर्ष (एक बार में एक वर्ष) या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, हेतु बढ़ाया जा सकता है। |
| वरिष्ठ एप्लीकेशन डेवलपर्स | 1.25 लाख रूपये प्रति माह (समेकित) | प्रारंभ में 2 वर्ष की अवधि के लिए जिसे अधिकतम 3 वर्ष (वार्षिक समीक्षा के अधीन) की अवधि हेतु बढ़ाया जा सकता है। |
| एप्लीकेशन डेवलपर्स | 0.85 लाख रूपये प्रति माह (समेकित) | प्रारंभ में 2 वर्ष की अवधि के लिए जिसे अधिकतम 3 वर्ष (वार्षिक समीक्षा के अधीन) की अवधि हेतु बढ़ाया जा सकता है। |
| वरिष्ठ परियोजना वित्त अधिकारी | 3.5 लाख रुपये प्रति माह का निश्चित मुआवजा। बाहरी ड्यूटी के मामले में, यात्रा और ठहराव भत्ते टीईजी स्केल VI कैडर (आईबीए स्केल) पर लागू होंगे। | अनुबंध की अवधि शुरू में 3 साल की अवधि के लिए होगी, जो वार्षिक समीक्षा के अधीन होगी, जिसे इसके लिए बढ़ाया जा सकता है<br>अधिकतम 5 वर्ष की अवधि (एक बार में एक वर्ष) या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो। |
| परियोजना वित्त अधिकारी | 2.5 लाख रुपये प्रति माह का निश्चित मुआवजा। बाहरी ड्यूटी के मामले में, यात्रा और ठहराव भत्ते टीईजी स्केल IV कैडर (आईबीए स्केल) पर लागू होंगे। | अनुबंध की अवधि शुरू में 3 साल की अवधि के लिए होगी, जो वार्षिक समीक्षा के अधीन होगी, जिसे इसके लिए बढ़ाया जा सकता है<br>अधिकतम 5 वर्ष की अवधि (एक बार में एक वर्ष) या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो। |

*उपरोक्त दिये वेतनमान के अनुसार परिलब्धियों के अतिरिक्त पद में बैंक के आवास (बैंक के विवेक पर समय–समय पर बैंक द्वारा निर्धारित आवास की उपलब्धता के अधीन), चिकित्सा/हास्पिटलाइजेशन के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, टेलीफोन/मोबाइल शुल्क, समाचार पत्र/पत्रिका/पुस्तक अनुदान, आवासीय साज–सज्जा आदि जैसी सुविधाएं पात्रता के अनुसार शामिल हैं। अन्य लाभ जैसे आवास ऋण, वाहन ऋण, त्यौहार अग्रिम, एलटीसी, ग्रेच्युटी अवकाश नकदीकरण, पीएफआरडीए द्वारा संचालित राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत कवरेज आदि नियमानुसार मिलते हैं।

पदों के लिए नियुक्त अभ्यर्थी के लिए परिवीक्षा अवधि निम्नानुसार प्रदान की गई है:

| पद | परिवीक्षा अवधि |
|---|---|
| एमएमजीएस–II से टीईजीएस–VII | चयनित अभ्यर्थी बैंक में नियुक्ति की तिथि से 1 वर्ष की सक्रिय सेवा की अवधि हेतु परिवीक्षा पर रहेगा, जो बैंक के विवेक पर विस्तार योग्य है। |
| सहायक प्रबंधक (स्केल I) | 2 वर्ष जो बैंक के विवेक पर विस्तार योग्य है। |

चयनित अभ्यर्थी समय–समय पर बैंक के विभिन्न कार्यालयों में बैंक के विवेकाधिकार पर तथा उपर्युक्त नियमों एवं शर्तों पर जो बैंक द्वारा तय किए जा सकते हैं, तैनात/स्थानांतरित किये जा सकते है।

**मुख्य अर्थशास्त्री**

**अवकाश अधिकारः**

मुख्य अर्थशास्त्री एक वर्ष में 12 दिनों की आकस्मिक छुट्टी के हकदार हो सकते हैं। इसका उपचार बैंक के अन्य अधिकारियों के समान हो सकता है (अर्थात एक वर्ष में 12 कार्य दिवस, बशर्ते कि किसी भी एक समय में चार दिन से अधिक आकस्मिक अवकाश का लाभ नहीं उठाया जा सकता है)। छुट्टी को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

मुख्य अर्थशास्त्री बैंक के अधिकारियों के लिए स्वीकार्य बीमारी अवकाश (अर्थात 30 दिन की रुग्ण–अवकाश आधा वेतन (एसएल–एचपी) के हकदार हो सकते हैं। उसे यथानुपात आधार पर दावा करने की अनुमति दी जा सकती है। अवकाश को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

- बाहरी ड्यूटी के मामले में, यात्रा और विराम भत्ते महाप्रबंधक संवर्ग (स्केल टप्) पर लागू होंगे।

**वरिष्ठ एप्लीकेशन डेवलपर्स**

**सूचना अवधिः** एक महीना

**सेवा बांडः**

चयनित अभ्यर्थीयों को कार्यभार ग्रहण करते समय न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के लिए बैंक की सेवा करने के लिए रु. 2,00,000/– (दो लाख रुपये मात्र) मूल्य का एक बांड निष्पादित करना होगा। यदि अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की समाप्ति से पहले बैंक की सेवा छोडता हैध्इस्तीफा देता है तो बैंक द्वारा बांड लागू किया जाएगा।

**अवकाश अधिकारः**

विकासक यथानुपात आधार पर कैलेंडर वर्ष (सीवाई) में 12 दिनों की आकस्मिक छुट्टी का हकदार होगा (यानी, एक कैलेंडर वर्ष में 12 कार्य दिवस, बशर्ते कि किसी भी समय चार दिनों से अधिक आकस्मिक छुट्टी का लाभ नहीं उठाया जा सकता है)। छुट्टी को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

विकासक प्रति कैलेंडर वर्ष 30 दिनों की बीमार छुट्टी का हकदार होगा (यानी, आधे वेतन (एसएल–एचपी) पर 30 दिनों की बीमार छुट्टी)य यथानुपात आधार पर दावा किया जा सकता है। अवकाश को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

- बाहरी ड्यूटी के मामले में, यात्रा और विराम भत्ते एमएमजी स्केल III अधिकारी (आईबीए स्केल) पर लागू होंगे।

**एप्लीकेशन डेवलपर्स**

**सूचना अवधिः** एक महीना

**सेवा बांडः**

चयनित अभ्यर्थीयों को कार्यभार ग्रहण करते समय न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के लिए बैंक की सेवा करने के लिए रु. 1,00,000/– (एक लाख रुपये मात्र) मूल्य का एक बांड निष्पादित करना होगा। यदि अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की समाप्ति से पहले बैंक की सेवा छोडता है/इस्तीफा देता है तो बैंक द्वारा बांड लागू किया जाएगा।

**अवकाश अधिकारः**

विकासक यथानुपात आधार पर कैलेंडर वर्ष (सीवाई) में 12 दिनों की आकस्मिक छुट्टी का हकदार होगा (यानी, एक कैलेंडर वर्ष में 12 कार्य दिवस, बशर्ते कि किसी भी समय चार दिनों से अधिक आकस्मिक छुट्टी का लाभ नहीं उठाया जा सकता है)। छुट्टी को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

विकासक प्रति कैलेंडर वर्ष 30 दिनों की बीमार छुट्टी का हकदार होगा (यानी, आधे वेतन (एसएल–एचपी) पर 30 दिनों की बीमार छुट्टी); यथानुपात आधार पर दावा किया जा सकता है। अवकाश को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

- बाहरी ड्यूटी के मामले में, यात्रा और विराम भत्ते एमएमजी स्केल II अधिकारी (आईबीए स्केल) पर लागू होंगे।

## 8. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय)

| क्रम सं. | श्रेणी | राशि* |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी | 175/– रूपये (केवल सूचना प्रभार) |
| 2 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी के अतिरिक्त | 850/– रूपये (सूचना प्रभार सहित आवेदन शुल्क) |

***वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को छोड़कर**

टिप्पणीः एक बार आवेदन किए जाने पर आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक बार अदा किया गया आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी परीक्षा अथवा चयन हेतु अलग रखा जाएगा। यदि आवेदन राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा निरस्त कर दिया जाता है/उस पर विचार नहीं किया जाता है तो आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार भी वापस नहीं किया जाएगा। बैंक/लेनदेन प्रभार, यदि लागू हो, अभ्यर्थी वहन करेगा। आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार पर लागू जीएसटी अभ्यर्थी वहन करेगा। निर्धारित आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के बिना प्राप्त आवेदनों को सीधे ही अस्वीकार कर दिया जाएगा। शुल्क/सूचना प्रभारों का भुगतान इस विज्ञापन में दी गई निर्धारित विधि से ही किया जाए।

**9. ऑनलाइन परीक्षा केंद्र (केवल स्केल–I के लिए)**

ऑनलाइन परीक्षा हेतु केंद्रों की संभावित सूची इस प्रकार है –

| क्र.सं. | केंद्रों का नाम | क्र.सं. | केंद्रों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | अहमदाबाद/गांधीनगर | 11. | कोलकाता/ग्रेटर कोलकाता |
| 2. | बेंगलुरु | 12. | लखनऊ |
| 3. | भोपाल | 13. | मुंबई/नवी मुंबई/ग्रेटर मुंबई |
| 4. | भुवनेश्वर | 14. | नागपुर |
| 5. | चंडीगढ़ | 15. | नई दिल्ली–एनसीआर |
| 6. | चेन्नई | 16. | पटना |
| 7. | देहरादून | 17. | रायपुर |
| 8. | गुवाहाटी | 18. | रांची |
| 9. | हैदराबाद | 19. | तिरुवनंतपुरम |
| 10. | जयपुर | 20. | विशाखापत्तनम |

**टिप्पणियां:**

i. बैंक किसी भी केन्द्र को रद्द करने और/या प्रत्युत्तर के आधार पर, प्रशासनिक सुविधा आदि के कारण कुछ अन्य केन्द्र को जोड़ने का अधिकार रखता है।

ii. बैंक को अभ्यर्थियों द्वारा चयनित केन्द्रों के अतिरिक्त अन्य केन्द्र आबंटित करने का भी अधिकार है।

iii. परीक्षा के स्थान/दिनांक/सत्र में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv. अभ्यर्थी अपने जोखिम एवं खर्च पर परीक्षा केंद्र में परीक्षा हेतु उपस्थित होंगे बैंक द्वारा इस पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की क्षति या हानि आदि के लिए भी रा.आ.बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

v. अभ्यर्थी द्वारा एक बार चुना गया केंद्र अंतिम होगा।

vi. यदि अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या 'ऑनलाइन' परीक्षा हेतु विशेष केंद्र का विकल्प नहीं चुनते हैं तो रा.आ. बैंक के पास उन अभ्यर्थियों को कोई अन्य सहायक केंद्र आबंटित करने का अधिकार सुरक्षित है अथवा यदि अभ्यर्थियों की संख्या केंद्र में ऑनलाइन परीक्षा हेतु उपलब्ध क्षमता से अधिक है तो रा.आ. बैंक के पास कोई अन्य केंद्र आबंटित करने का अधिकार सुरक्षित है।

vii. परीक्षा हॉल में किसी भी अभद्र व्यवहार/दुर्व्यवहार के कारण अभ्यर्थिता को रद्द/उस परीक्षा के अयोग्य घोषित तथा आईबीपीएस/रा.आ.बैंक द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है।

**10. पहचान सत्यापन**

**i. प्रदान किये जाने वाले दस्तावेज**

साक्षात्कार के समय, निरीक्षक को ई–कॉल लेटर के साथ अभ्यर्थी की फोटो की पहचान की फोटोकॉपी (ई–कॉल लेटर में नाम जैसा ही हो) जैसे पैन कार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/फोटोग्राफ के साथ बैंक पासबुक/राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान प्रमाण/फोटोग्राफ के साथ जनप्रतिनिधि/किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ के साथ आधार/ई–आधार कार्ड/कर्मचारी आईडी, सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अभ्यर्थी की पहचान को प्रस्तुत किये गये अपेक्षित दस्तावेजों एवं ई–कॉल लेटर पर उसके विवरण के संबंध में सत्यापित किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी की पहचान संदिग्ध पाई गई तो उसे परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

- **राशन कार्ड और लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान पत्र के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
- **जिन अभ्यर्थियों ने अपना नाम बदल दिया है, उन्हें केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे अपना मूल विवाह प्रमाण पत्र/मूल में शपथ पत्र आदि जैसे आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करेंगे।**

टिप्पणीः अभ्यर्थियों को मूल में समान नाम वाला फोटो पहचान प्रमाण लाना होगा जैसा कि ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र/ई–कॉल लेटर में है और साक्षात्कार में भाग लेने के दौरान साक्षात्कार ई–कॉल लेटर के साथ फोटो पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी जमा करनी होगी, जिसके बिना उन्हें साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**11. आवेदन कैसे करें**

**निम्नलिखित हेतु विस्तृत दिशानिर्देश/प्रक्रियाएं**

क. आवेदन पंजीकरण

ख. शुल्क का भुगतान

ग. स्कैन और अपलोड दस्तावेज

अभ्यर्थी सिर्फ 28.09.2023 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं अन्य किसी प्रकार से किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पंजीकरण पूर्व ध्यान दिये जाने वाले महत्वपूर्ण बिंदु

ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व, अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे–

(i) निम्नलिखित स्कैन करें:
- – फोटोग्राफ (4.5 सेमी × 3.5 सेमी)
- – हस्ताक्षर (काली स्याही की कलम से)
- – बायें हाथ के अंगूठे का निशान (काली या नीली स्याही से सफेद कागज पर)
- – हस्त लिखित घोषणा (काली स्याही की कलम से सफेद कागज पर) (पाठ नीचे दिया गया है)

यह सुनिश्चित करना कि सभी स्कैन किए गए दस्तावेज आवश्यक विनिर्देशों का पालन करते हैं जैसा कि इस विज्ञापन के **बिंदु 11 (ग)** में दिया गया है।

(ii) "बड़े अक्षरों" में हस्ताक्षर स्वीकार "नहीं" किए जाएंगे।

(iii) बाएं हाथ के अंगूठे के निशान को अच्छी तरह से स्कैन किया जाना चाहिए और उस पर धब्बा नहीं होना चाहिए। (यदि किसी अभ्यर्थी का बाएं हाथ का अंगूठा नहीं है, तो वह आवेदन करने के लिए अपने दायें हाथ के अंगूठे का उपयोग कर सकता/सकती है।)

(iv) हस्त लिखित घोषणा इस प्रकार है –

"मैं ________ (अभ्यर्थी का नाम), एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन प्रपत्र में मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई सभी जानकारी सही, सत्य और वैध है। मैं आवश्यकता पड़ने पर सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करूंगा/करूंगी।"

(v) उपर्युक्त उल्लिखित हस्त लिखित घोषणा अभ्यर्थी के हाथ से लिखा और केवल अंग्रेजी में होनी चाहिए। यदि यह किसी और के द्वारा या किसी अन्य भाषा में लिखा और अपलोड किया जाता है, तो आवेदन को अवैध माना जाएगा। (दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के मामले में जो लिख नहीं सकते हैं, उन्हें घोषणा का लिखा हुआ पाठ मिलेगा और वें टाइप की गयी घोषणा के नीचे अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगायेंगे और विनिर्देशों के अनुसार दस्तावेज अपलोड करेंगे)।

(vi) अपेक्षित आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए आवश्यक विवरण/दस्तावेज रखें।

(vii) वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नं. रखें, जिसे इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक चालू रखा जाना चाहिए। बैंक पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से साक्षात्कार आदि हेतु कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए सूचना भेज सकता है। यदि अभ्यर्थी के पास वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी नहीं है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ई–मेल आईडी बनानी होगी और मोबाइल नं. लेना होगा तथा उस ईमेल अकाउंट और मोबाइल नंबर को अपने पास रखना होगा।

**12. आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) के ऑनलाइन शुल्क का भुगतान रू 28.09.2023 से 18.10.2023 आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन शुल्क अभ्यर्थी को वहन करना होगी।**

**क. आवेदन पंजीकरण**

i. अभ्यर्थी राष्ट्रीय आवास बैंक की वेबसाइट (www.nhb.org.in) के "opportunities@NHB" → "वर्तमान रिक्तियां" → "विभिन्न पदों पर अधिकारियों की भर्ती – 2023" → ऑनलाइन आवेदन के लिये यहाँ क्लिक करें, जिससे एक नई स्क्रीन खुल जाएगी।

ii. आवेदन को पंजीकृत करने के लिए, "नए पंजीकरण के लिए यहां क्लिक करें" टैब को चुनें और नाम, संपर्क विवरण और ई–मेल आईडी को प्रविष्ट करें। सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड दिया जाएगा एवं स्क्रीन पर दिखाई देगा। अभ्यर्थी अनंतिम पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड नोट करें। अनंतिम पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड स्पष्ट करता हुआ ई–मेल और एसएमएस भी भेज दिया जाएगा। आप अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सेव किये गये डेटा को फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो विवरण को एडिट कर सकते हैं।

iii. अभ्यर्थियों को निम्न अपलोड करना अपेक्षित हैं–
- फोटोग्राफ
- हस्ताक्षर

Size: 25x38cm

- बाएं हाथ के अंगूठे का निशान
- हस्तलिखित घोषणा

इस विज्ञापन के **बिंदु 11 (ग)** में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार।

iv. आवेदन प्रपत्र को एक बार में पूरा न कर पाने वाले अभ्यर्थी "सेव एंड नेक्स्ट" टैब को चुन कर पहले से प्रविष्ट डेटा को सेव कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व, अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में विवरणों की पुष्टि करने के लिए "सेव एंड नेक्स्ट" सुविधा का उपयोग करें और यदि आवश्यक हो तो उसमें संशोधन करें। दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र को ध्यान से भरना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिये सत्यापन/विवरण सत्यापित करना चाहिये कि उक्त अंतिम प्रस्तुत करने से पहले सही है।

v. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं सावधानीपूर्वक ऑनलाइन आवेदन में विवरण भरें क्योंकि "फाइनल सबमिट" बटन पर क्लिक के पश्चात परिवर्तन की कोई गुंजाइश नहीं होगी/अनुमति नहीं दी जाएगी।

vi. अभ्यर्थी के नाम अथवा उसके पिता/पति आदि के नाम की वर्तनी ठीक वही होनी चाहिए जो प्रमाण पत्र/अंक तालिका/पहचान प्रमाण में दी गई हो। कोई भी बदलाव/परिवर्तन उसकी अभ्यर्थिता को रद्द कर सकता है।

vii. अपने द्वारा दी गई जानकारी की पुष्टि करें और 'वेलिडेट योर डिटेल्स' एवं 'सेव एंड नेक्सट' बटन के क्लिक द्वारा अपने आवेदन को सेव करे।

viii. अभ्यर्थी अब **बिंदु 11 (ग)** के अंतर्गत स्कैनिंग एवं फोटोग्राफ और हस्ताक्षर विवरण के अपलोड के लिए दिशानिर्देश में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने का कार्य कर सकते हैं।

ix. उम्मीदवारों को पंजीकरण के समय आईबीपीएस पोर्टल पर पात्रता मानदंड से संबंधित अपने आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता हो सकती है।

x. अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र में दिए गए अन्य विवरण को भरें।

xi. प्रीव्यू टैब को क्लिक करें और 'फाइनल सबमिट' के पूर्व, पूरे आवेदन की जांच करें।

xii. यदि आवश्यक हो तो, विवरण में संशोधन करें और 'फाइनल सबमिट' बटन पर केवल तभी क्लिक करें जब यह सत्यापित और सुनिश्चित हो जाए कि आपके द्वारा अपलोड किया गया फोटोग्राफ, हस्ताक्षर व भरे गए अन्य विवरण सही हैं।

xiii. पेमेंट' टैब को क्लिक करें और भुगतान के लिए आगे बढ़ें।

xiv. 'सबमिट' बटन को क्लिक करें।

**ख. शुल्क का भुगतान**

अभ्यर्थियों को केवल **ऑनलाइन** मोड के माध्यम से आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान करना होगा।

i. आवेदन प्रपत्र को गेटवे भुगतान के साथ एकीकृत किया गया है एवं भुगतान की प्रक्रिया को निर्देशों का पालन करके पूरा किया जा सकता है।

ii. भुगतान केवल डेबिट कार्ड (रुपये/वीसा/मास्टरकार्ड/मेस्ट्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड/मोबाइल वॉलेटस का प्रयोग करके किया जा सकता है।

iii. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में भुगतान से संबंधित अपनी जानकारी प्रस्तुत करने के पश्चात, "कृपया सर्वर से सूचना की प्रतीक्षा करें। दो बार प्रभार से बचने के लिए बैक अथवा रीफ्रेश बटन न दबायें"।

iv. लेन–देन सफलतापूर्वक पूरा होने पर एक ई–रसीद प्रस्तुत की जाएगी।

v. यदि ई–रसीद प्रस्तुत नहीं होती तो इसका अर्थ है "भुगतान" नहीं हो सका है। भुगतान पूरा न होने पर, अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपनी अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए फिर से लॉगिन करें और भुगतान की प्रक्रिया को दोहराएँ।

vi. अभ्यर्थियों को शुल्क विवरण के साथ ई–रसीद और ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का प्रिंटआउट लेना आवश्यक है। **कृपया नोट करें कि यदि उक्त प्रस्तुत नहीं होता है, तो यह हो सकता है कि ऑनलाइन लेन–देन का कार्य पूरा न हुआ हो।**

vii. क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिएरू सभी प्रभारों को भारतीय रुपये में सूचीबद्ध किया गया है। यदि आप गैर भारतीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं तो आपका बैंक प्रचलित विनिमय दरों के आधार पर आपकी स्थानीय मुद्रा में बदल देगा।

viii. अपने डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कृपया अपना लेन–देन पूरा होने पर ब्राउजर विंडो बद कर दें।

**ix. शुल्क के भुगतान के पश्चात शुल्क के विवरण वाले आवेदन प्रपत्र का पुनः प्रिंट निकालने का भी प्रावधान है।**

**कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित सभी विवरण जिसमें अभ्यर्थी का नाम, वर्ग, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, परीक्षा केंद्र आदि शामिल हैं, को अंतिम माना जाएगा और ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने के बाद किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को अत्यंत सावधानी के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने की सलाह दी जाती है क्योंकि विवरणों के परिवर्तन के संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। रा.आ.बैंक को आवेदन प्रपत्र में आवश्यक विवरण प्रदान करने के लिए आवेदन में गलत और अपूर्ण विवरण प्रस्तुत करने से होने वाले किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं माना जाएगा।**

आवेदन के सफल पंजीकरण से जनरेट पंजीकरण संख्या और पासवर्ड के साथ ईमेल/एसएमएस सूचना को सिस्टम जनरेटेड पावती के रूप ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में विनिर्दिष्ट अभ्यर्थी के ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। यदि अभ्यर्थियों को उनके द्वारा विनिर्दिष्ट ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर पर ईमेल और एसएमएस सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो वे समझ सकते हैं कि उनका ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक पंजीकृत नहीं हुआ है।

ऑनलाइन आवेदन जो किसी भी विषय में अधूरा है जैसे कि उचित पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड की गयी हस्तलिखित घोषणा/शुल्क जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण न होना/सूचना प्रभार भुगतान को वैध नहीं माना जाएगा।

अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे समापन तिथि से पहले ऑन–लाइन आवेदन करें और शुल्क/सूचना प्रभार जमा करने की अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें ताकि इंटरनेट/वेबसाइट जाम पर भारी लोड होने पर रा.आ.बैंक की अधिकृत वेबसाइट पर लॉग इन करते समय डिस्कनेक्शन/अक्षमता/विफलता से बचा जा सके।

रा.आ.बैंक अभ्यर्थियों द्वारा उपरोक्त कारण से या रा.आ.बैंक के नियंत्रण के अधीन किसी अन्य कारण से अंतिम तिथि के भीतर अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त प्रक्रिया आवेदन जमा करने की एकमात्र वैध प्रक्रिया है। आवेदन करने की किसी अन्य प्रणाली या अधूरे चरणों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

आवेदक द्वारा अपने आवेदन में प्रस्तुत की गई कोई भी जानकारी अभ्यर्थी के लिए वैयक्तिक रूप से बाध्यकारी होगी और यदि उसके द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारीध्विवरण बाद के चरण में गलत पाए जाते हैं, तो वह अभियोजन/सिविल परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा।

**ग. दस्तावेजों को स्कैन एवं अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपनी फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन (डिजिटल) इमेज की आवश्यकता होगी।

**फोटोग्राफ प्रतिरूप (4.5 से.मी. × 3.5 से.मी.):**

– फोटोग्राफ नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार का होना चाहिए।
– सुनिश्चित करें कि तस्वीर की पृष्ठभूमि, हल्के रंग के समक्ष, अधिमानतः सफेद होनी चाहिए।
– तनाव–मुक्त चेहरे के साथ कैमरे की ओर देखें।
– यदि तस्वीर तेज धूप वाले दिन ली गई हो, तो सूर्य आप के पीछे हो, या आप छाया वाली जगह खड़े हो जाएं जिससे कि फोटो में आप तिरछी दृष्टि से देखते हुए ना नजर आएं और वहां कोई कठोर छायाएं न आ जाएं।
– यदि आप फ्लैश का प्रयोग कर रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि "रेड–आई" न हो।
– यदि आप चश्मा पहनते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि फोटो में कोई प्रतिबिंब न हो और आपकी आंखें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हों।
– कैप, टोपी और काले चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं। धार्मिक रिवाज के चलते सिर के पहनावे की अनुमति है परंतु इससे आपका चेहरा नहीं ढकना चाहिए।
– आयाम 200 × 230 पिक्सल (अधिमानतः)
– फाइल आकार 20 केबी–50 केबी के बीच होना चाहिए।
– सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 50 केबी से अधिक न हो। यदि फाइल का आकार 50 केबी से अधिक का हो, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग जैसे डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या इत्यादि को समायोजित करें।
– यदि फोटो को साक्षात्कार के समय फोटो लगाने के स्थान पर अपलोड नहीं किया जाता है तो उसे रद्द/अस्वीकार कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी स्वयं उक्त के लिये जिम्मेदार होगा।
– अभ्यर्थी को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि फोटो को फोटो के स्थान पर और हस्ताक्षर को हस्ताक्षर के स्थान पर अपलोड किया गया है। यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर ठीक से अपलोड नहीं किया गया है, तो अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
– अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड की जाने वाली फोटो आवश्यक आकार की हो और चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

**हस्ताक्षर, बायें हाथ का अंगूठे का निशान और हस्त लिखित घोषणा इमेजः**

– आवेदक को काली स्याही के कलम से सफेद कागज पर हस्ताक्षर करने हैं।
– आवेदक को काली या नीली स्याही में सफेद कागज पर अपने बायें हाथ का अंगूठे का निशान लगाना है।
– आवेदक को काली स्याही में सफेद कागज पर अंग्रेजी में घोषणा लिखनी है।
– हस्ताक्षर, बाएं हाथ का अंगूठे का निशान और हस्त लिखित घोषणा केवल आवेदक द्वारा हों न कि किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा।
– हस्ताक्षर केवल कॉल लेटर पर होना चाहिये और जहां भी आवश्यक हो।
– साक्षात्कार के समय हस्ताक्षरित कॉल लेटर, उपस्थिति शीट पर लिए गए आवेदक के हस्ताक्षर, अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाने की स्थिति में, अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित किया जाएगा।
– आयाम 140 × 60 पिक्सल (अधिमानतः)
– हस्ताक्षर और बाएं हाथ के अंगूठे का निशान के लिये फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच होना चाहिए।
– हस्त लिखित घोषणा के लिए फाइल का आकार 20केबी–50केबी के बीच होना चाहिए।
– सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 20 केबी या 50 केबी से अधिक न हो (हस्त लिखित घोषणा के लिये)।
– "बड़े अक्षरों" में हस्ताक्षर/हस्त लिखित घोषणा स्वीकार "नहीं" की जाएगी।

**दस्तावेजों की स्कैनिंगः**

– स्कैनर का रिजोल्यूशन कम से कम 200 डीपीआई सेट करें (डॉटस प्रति इंच)।

– कलर को टू कलर सेट करें।
– बाएं हाथ के अंगूठे का निशान/हस्त लिखित घोषणा के किनारे पर स्कैनर में इमेज को क्रॉप करें, फिर उसे अंतिम आकार देने के लिए अपलोड एडीटर द्वारा क्राप करें (जैसा कि ऊपर बताया गया है)।
– इमेज फाइल जेपीजी अथवा जेपीईजी फार्मेट में होनी चाहिए। नमूना फाइल नाम हैः इमेज01.जेपीजी अथवा इमेज01.जेपीईजी।
– इमेज आयामों की जांच फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा जी सकती है अथवा फाइल इमेज आइकन पर माउस ले जाकर की जा सकती है।
– एमएस विंडोस/एमएस ऑफिस का प्रयोग करने वाले अभ्यर्थी बड़ी सरलता से एमएस पेंट अथवा एमएस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करके .जेपीईजी फार्मेट में दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं। फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज' ऑप्शन का प्रयोग करके किसी भी फार्मेट में स्कैन किए हुए दस्तावेजों को .जेपीजीध्जेपीईजी फार्मेट में सेव किया जा सकता है। क्राप और रिसाईज ऑप्शन का प्रयोग करके इसके आकार को समाजोजित किया जा सकता है।
– यदि फाइल का आकार और फार्मेट वैसे न हो जैसा कि बताया गया हो, तो एक त्रुटि संदेश आएगा।
– ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरते समय, अभ्यर्थी को अपने फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बायें हाथ के अंगूठे का निशान और हस्त लिखित घोषणा को अपलोड करने के लिए एक लिंक दिया जाएगा।

**बायें हाथ के अंगूठे का निशानः**

– आवेदक को काली या नीली स्याही से सफेद कागज पर अपने बाएं हाथ का अंगूठे का निशान लगाना है।
– बाएं हाथ का अंगूठे का निशान आवेदक का होना चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति का।
– बाएं हाथ का अंगूठे का निशान–
  - फाइल टाइपः जेपीजी ध्जेपीईजी
  - आयाम रू 200 डीपीआई में 240 × 240 पिक्सल (आवश्यक विशेषता हेतु अधिमानित) यानी 3 सेमी' 3 सेमी (चौड़ाई'लंबाई)
  - फाइल आकारः 20 केबी–50 केबी

**हस्त लिखित घोषणाः**

– हस्त लिखित घोषणा सामग्री अपेक्षानुसार होनी चाहिए।
– हस्त लिखित घोषणा "बड़े अक्षरों" में नहीं लिखी जानी चाहिए।
– आवेदक को काली या नीली स्याही के कलम से सफेद कागज पर स्पष्ट रूप से अंग्रेजी में घोषणा को लिखना है।
– हस्त लिखित घोषणा केवल आवेदक द्वारा हों न कि किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा।
– हस्त लिखित घोषणा
  - फाइल टाइपः जेपीजी/जेपीईजी
  - आयामः 200 डीपीआई में 800 × 400 पिक्सल (आवश्यक विशेषता हेतु अधिमानित) यानी 10 सेमी' 5 सेमी (चौड़ाई*लंबाई)
  - फाइल आकारः 50 केबी–100 केबी

**दस्तावेज अपलोड करने हेतु प्रक्रिया**

– ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के दौरान अभ्यर्थी को बाएं हाथ का अंगूठे का निशान और हस्त लिखित घोषणा को अपलोड करने के लिए अलग–अलग लिंक प्रदान किए जाएंगे।
– संबंधित लिंक "अपलोड लेफ्ट थम्ब इम्प्रेशन/हैंड रिटन डिक्लेरेशन" पर क्लिक करें।
– ब्राउज करें और उस स्थान को चुनें जहां स्कैन किए गये बाएं हाथ का अंगूठे का निशान/हस्त लिखित घोषणा फाइल को सेव किया गया हो।
– इसे क्लिक करके फाइल को चुनें।
– 'ओपन/अपलोड' बटन पर क्लिक करें। आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक आप अपने बाएं हाथ का अंगूठे का निशान और हस्त लिखित घोषणा को अपलोड नहीं करते।
– यदि फाइल का आकार और फार्मेट वैसे न हो जैसा कि बताया गया हो, तो एक त्रुटि संदेश आएगा।
– अपलोड की गई इमेज का प्रिव्यू इमेज की गुणवत्ता को देखने में मदद करेगा। अस्पष्ट/मैली होने के मामले में, उक्त को अपेक्षित स्पष्टता/गुणवत्ता के लिए फिर से अपलोड किया जायेगा।

**टिप्पणीः**

(1) यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं हाथ का अंगूठे का निशान या हस्त लिखित घोषणा अस्पष्ट/मैली है, तो अभ्यर्थी के आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा।

(2) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में बाएं हाथ का अंगूठे का निशान/हस्त लिखित घोषणा को अपलोड करने के बाद, अभ्यर्थियों को यह जांच करनी चाहिए कि इमेज स्पष्ट है और उसे सही तरीके से अपलोड किया गया है। यदि बाएं हाथ के अंगूठे का निशान या हस्त लिखित घोषणा सही से दिखाई नहीं दे रही है, तो अभ्यर्थी अपना आवेदन संशोधित कर सकता है और प्रपत्र जमा करने से पूर्व अपने बाएं हाथ का अंगूठे का निशान/हस्त लिखित घोषणा को पुनः अपलोड कर सकता है।

(3) ऑनलाइन पंजीकरण करने के बाद अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सिस्टम से उत्पन्न ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का प्रिंटआउट लें।

## 13. सहायता सेवा

अभ्यर्थी जो आवेदन प्रपत्र भरने, आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के भुगतान, या ई–कॉल लेटर आदि को डाउनलोड करने के संबंध में किसी भी समस्या का सामना कर रहे हैं, वे ऐसे प्रश्नों/शिकायतों के लिये http://cgrs.ibps.in. लिंक देख सकते हैं। अभ्यर्थी को ईमेल के विषय में "विभिन्न पदों पर अधिकारियों की भर्ती– 2023" उल्लिखित करना होगा।

## II. सामान्य निर्देश

[कृपया ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें]

i. आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व, अभ्यर्थियों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे जिस पद के लिये आवेदन कर रहे हैं, उसके लिये आयु, शैक्षणिक योग्यता, व्यावसायिक योग्यता, श्रेणी, योग्यता पश्चात/अनिवार्य कार्य अनुभव आदि के संबंध में सभी पात्रता मानदंड यथा 01.09.2023 को पूरा करते हैं और आवेदन प्रपत्र में दिये गये सभी ब्यौरे हर प्रकार से सही हैं। यदि किसी चरण में यह पाया गया कि कोई अभ्यर्थी किसी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, और/या उसने कोई गलत जानकारी दी है या उसने किसी तथ्य/तथ्यों को छिपाया है, तो उसकी अभ्यर्थिता समाप्त हो जाएगी। यदि इस विज्ञापन के नियमों और शर्तों के अनुसार किसी भी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को किसी भी कारण से समाप्त कर दिया जाता है, तो इस संबंध में आगे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। ऐसे निर्णय अभ्यर्थी के लिये अंतिम और बाध्यकारी होंगे। यदि ऐसी कोई त्रुटि उसकी नियुक्ति के बाद भी पायी जाती है तब भी उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

ii. अभ्यर्थी की पात्रता, शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार का संचालन, अन्य परीक्षण,चयन, पात्रता की जांच जिन चरणों में की जानी है, योग्यता और अन्य पात्रता मानदंड, साक्षात्कार, सत्यापन आदि के संचालन के उद्देश्य हेतु प्रदान किये जाने वाले दस्तावेज और भर्ती प्रक्रियाओं से संबंधित कोई अन्य मामले में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा। इस मामले में बैंक द्वारा किसी पत्राचार या निजी पूछताछ या किसी प्रतिनिधित्व पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

iii. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन जमा करने के बाद उनके सिस्टम से जनरेट ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का प्रिंटआउट अवश्य लें। अभ्यर्थी भविष्य के संदर्भ के लिए पंजीकरण संख्या और पासवर्ड अपने पास रखें।

iv. एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन किसी भी अभ्यर्थी द्वारा जमा नहीं किए जायेंगे। एक से अधिक आवदनों के मामले में केवल नवीनतम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य एक से अधिक पंजीकरण (पंजीकरणों) के लिए भुगतान किए गए आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार जब्त कर लिये जाएंगे।

v. ऑनलाइन परीक्षा और/साक्षात्कार में एकाधिक उपस्थिति को खारिज किया जायेगा/अभ्यर्थिता को रद्द कर दिया जाएगा।

vi. एक बार ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत होने पर उसे वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और/या एक बार भुगतान किए गए आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार वापस नहीं किए जाएंगे और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए आरक्षित रखे जाएंगे।

vii. इस विज्ञापन और/अथवा इसके जवाब में आये आवेदन के कारण किसी भी दावे या विवाद की दशा में कोई कानूनी कार्यवाही केवल दिल्ली में एवं दिल्ली स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती है, किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल और अनन्य अधिकार क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

viii. अभ्यर्थियों की ओर से या उनके द्वारा कोई भी प्रचार करने या उनके चयन/भर्ती के संबंध में राजनीतिक या अन्य बाहरी प्रभाव लाने पर उन्हें अयोग्य माना जाएगा।

ix. ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के लिए तिथि, समय और स्थान बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उल्लिखित विवरण, पता बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

x. यदि अंग्रेजी के अतिरिक्त इस विज्ञापन में किसी अन्य भाषा की व्याख्या में कोई विवाद होता है तो रा.आ.बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।

xi. अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी स्थानों पर यानी उसके ऑनलाइन आवेदन, ई–कॉल पत्र, उपस्थिति पत्रक आदि एवं भविष्य में बैंक के साथ होने वाले सभी पत्राचारों में उसके द्वारा किये गये हस्ताक्षर एक जैसे हों और उसमें किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं न हो। "बड़े अक्षरों" में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

xii. हाल ही में, पहचान योग्य फोटोग्राफ (4.5 सेमी × 3.5 सेमी) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड की जानी चाहिए और अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उक्त की प्रतियां प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उपयोग के लिए संभाल कर रखी गई हैं। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक अपना रूप न बदलें। प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में समान फोटोग्राफ प्रदान न करने या किसी भी स्तर पर पहचान संदिग्ध पाने पर उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा।

xiii. बाएं/दाएं हाथ के अंगूठे का निशान जो स्कैन और अपलोड किया गया है, मैला नहीं होना चाहिये।

xiv. हस्त लिखित घोषणा अभ्यर्थी के हाथ से लिखे और अंग्रेजी में ही होनी चाहिए और "बड़े अक्षरों में नहीं" होना चाहिये। यदि यह किसी और के द्वारा लिखा और अपलोड किया जाता है या किसी अन्य भाषा में है, तो आवेदन को अवैध माना जाएगा।

xv. परीक्षा के आयोजन में किसी भी समस्या के होने की संभावना को पूर्ण रूप से खत्म नहीं किया जायेगा, जिसका प्रभाव टेस्ट वितरण और/या परिणाम उत्पन्न होने से होता है। इस स्थिति में, इस तरह की समस्या को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किये जायंगे, जिसमें अभ्यर्थी की आवाजाही, टेस्ट में देरी शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन रा.आ.बैंक के पूर्ण विवेक पर है। पुनः परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के पास कोई दावा नहीं होगा। वे अभ्यर्थी जो टेस्ट वितरण की विलंबित प्रक्रिया में आना या भाग लेना नहीं चाहते, उन्हें इस प्रक्रिया से पूर्ण रूप से हटा दिया जाएगा।

xvi. साक्षात्कार में भाग लेने वाले योग्य बाहरी अभ्यर्थियों को सेकेंड क्लास एसी (केवल मेल/एक्सप्रेस) या बस की आने एवं जाने की यात्रा लागत उनके द्वारा साक्ष्य प्रदान करने पर सबसे छोटे मार्ग या किये गये वास्तविक व्यय (जो भी कम हो) के लिए प्रतिपूर्ति की जाएगी। स्थानीय यात्रा किराये हेतु किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी, यदि पद के लिए अयोग्य पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसे किसी भी यात्रा किराया की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

xvii. साक्षात्कार के समय, अभ्यर्थी उसके विरुद्ध आपराधिक मामला (मामले), लंबित सतर्कता मामला (मामले), यदि कोई हो, के संबंध में विवरण प्रदान करेगा। यदि अपेक्षित हो, तो बैंक स्वतंत्र सत्यापन के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड आदि का सत्यापन भी करेगा। बैंक ऐसे प्रकटन और/अथवा स्वतंत्र सत्यापन के आधार पर चयन/नियुक्ति नकारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xviii. रा.आ.बैंक अनधिकृत व्यक्ति/संस्थान द्वारा प्रदान किये गये किसी भी आवेदन/गलत जानकारी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी के साथ/के साथ अपने आवेदन के विवरण को साझा/वर्णित न करें।

xix. अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वस्थ घोषित किये जाने के अधीन है। हालांकि, बैंक की सेवा में पुष्टि पुलिस प्राधिकारियों द्वारा उनके चरित्र एवं पूर्ववृत्त की संतोषजनक रिपोर्ट प्रदान करने, उनके पूर्व नियोक्ता और संदर्भितों से उसकी संतोषजनक रिपोर्ट मिलने, जाति/जनजाति/वर्ग/ईडब्ल्यूएस और दिव्यांगजन प्रमाणपत्र का सत्यापन होने (केवल आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये) और बैंक की पूर्ण संतुष्टि के अनुसार भर्ती पूर्व की सभी औपचारिकताओं के अधीन होंगी, ऐसा न होने पर उनकी नियुक्तियों/सेवाओं को बिना कोई कारण बताए समाप्त कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ये नियुक्तियां बैंक के सेवा एवं आचरण विनियमों के अधीन भी होंगी।

xx. नियुक्ति के समय, चयनित अभ्यर्थियों को जो सरकारी/अर्ध सरकारी संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों) में सेवारत हों, अपने वर्तमान नियोक्ता से मूल में उचित सेवा–मुक्ति पत्र/कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

xxi. रा.आ.बैंक किसी भी पात्रता मानदंड, चयन की विधि और अनंतिम आबंटन आदि को बदलने (रद्द/संशोधित/जोड़ने) का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xxii. पद के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में पंजीकृत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर पर ही ईमेल और/या एसएमएस द्वारा सूचनाएँ भेजी जाएंगी।

xxiii. मोबाइल नंबर, ईमेल पते में बदलाव, तकनीकी खराबी के मामले में या अन्यथा रा.आ.बैंक के नियंत्रण से से बाहर यदि सूचना/जानकारी अभ्यर्थी तक नहीं पहुंच पाती है तो इसमें बैंक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा और अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि नवीनतम अद्यतन स्थिति जानने हेतु रा.आ.बैंक की आधिकारिक वेबसाइट www.nhb.org.in को अच्छी तरह से देखें।

xxiv. यदि चयन प्रक्रिया या नियुक्ति के बाद के चरण में, अभ्यर्थी की हस्त लिखित घोषणा पर लिखावट असमान/अलग पाई जाती है, तो हस्तलेख विशेषज्ञ के विश्लेषण के अनुसार, उसकी अभ्यर्थिता/नियुक्ति रद्द/समाप्त कर दी जाएगी।

xxv. अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन में दिए गए परीक्षा के समय सोशल डिस्टेंसिंग मोड के बारे में सभी दिशानिर्देशों का पालन करना अपेक्षित है। किसी भी उल्लंघन के मामले में अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।

xxvi. निम्नलिखित मदों की अनुमति परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं हैः–

क. कोई भी स्टेशनरी वस्तु जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागजात, जिमेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर आदि।

ख. कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि (अभ्यर्थी के पास अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु ऐप इंस्टॉल होना चाहिए। आरोग्य सेतु स्थिति में अभ्यर्थी का जोखिम की स्थिति दिखनी चाहिए। अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को इस स्थिति को दिखाना होगा। प्रवेश द्वार पर आरोग्य सेतु की स्थिति प्रदर्शित होने के बाद, अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन को स्विच ऑफ करना होगा, और निर्धारित स्थान पर जमा करना होगा। और बाहर निकलते समय लेना होगा)।

ग. अन्य वस्तु जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर–पिन, हेयर–बैंड, बेल्ट, कैप, आदि।

घ. रिंग, ईयररिंग्स, नोज–पिन, चेनध्नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि जैसे सभी आभूषणों को अच्छी तरह से जांचना चाहिए।

ङ. कोई भी घड़ी/रिस्ट वॉच, कैमरा आदि।

च. कोई धातु की वस्तु

छ. खुली या पैक हुई कोई खाने की वस्तु, पानी की बोतल आदि।

**ज. कोई अन्य वस्तु जिसका उपयोग संचार साधनों जैसे कैमरा, ब्लू टूथ डिवाइस आदि को छिपाने के लिए अनुचित तरीके से किया जा सकता है।**

इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अभ्यर्थिता रद्द की जायेगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी जिसमें भविष्य में होने वाली परीक्षाओं से प्रतिबंध और पुलिस शिकायतें भी शामिल है।

अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे किसी भी प्रतिबंधित वस्तु को परीक्षा स्थल में न लाएं, क्योंकि उनके सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। आईबीपीएस या ऑनलाइन परीक्षा के संचालन से जुड़ी कोई भी एजेंसी किसी भी वस्तु के नुकसान की जिम्मेदारी नहीं लेगी। उक्त को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी लागत या बिना किसी लागत के अभ्यर्थी की होगी।

**xxvii. कदाचार/अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाये जाने पर अभ्यर्थी के विरूद्ध कार्रवाई**

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने हित में ऐसे किसी प्रकार के विवरण प्रस्तुत न करें जो झूठे हों, जिनके साथ छेड़छाड़ की गई हो अथवा मनगढ़ंत हों एवं ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय कोई महत्वपूर्ण जानकारी न छुपायें।

साक्षात्कार के समय अथवा बाद की चयन प्रक्रिया में यदि अभ्यर्थी निम्नलिखित का दोषी पाया जाता है (अथवा पाया गया) तो

(i) अनुचित साधनों का प्रयोग अथवा

(ii) छद्म भेष अथवा किसी व्यक्ति द्वारा छद्म भेष का संपादन अथवा

(iii) भर्ती से जुड़े किसी भी व्यक्ति को ब्लैकमेल करने या ब्लैकमेल करके धमकी देने या उस पर दबाव डालने या घूस के प्रस्ताव के जरिये उसकी अभ्यर्थिता हेतु समर्थन प्राप्त करने अथवा।

(iv) परीक्षा/साक्षात्कार हॉल में दुर्व्यवहार या टेस्ट की सामग्रियों का प्रकटीकरण, प्रकाशन, पुनःप्रस्तुतीकरण, संचारण, संग्रहण या संचारण और भंडारण या किसी भी रूप में पूर्णतरू या भाग के रूप में कोई भी जानकारी या किसी भी माध्यम से, किसी भी उद्देश्य हेतु मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या मैकेनिकल रूप में सुविधा प्रदान करना अथवा

(v) अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में नियम विरूद्ध अथवा अनुचित तरीकों का सहारा लेने अथवा

(vi) अनुचित तरीके से अपनी अभ्यर्थिता के लिए समर्थन प्राप्त करने अथवा

(vii) साक्षात्कार कक्ष में मोबाइल फोन अथवा इस तरह के संचार उपकरण ले जाने वाले अभ्यर्थी खुद को आपराधिक मुकदमे के अतिरिक्त निम्नलिखित हेतु उत्तरदायी होंगेः

(क) साक्षात्कार/चयन प्रक्रिया से अयोग्यता का पात्र बनेंगे जिसके वे अभ्यर्थी हैं

(ख) आईबीपीएस द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा में या तो हमेशा के लिए या निर्धारित अवधि के लिए निषिद्ध कर दिए जाएंगे।

(ग) यदि वे बैंक की सेवा में पहले से शामिल हैं, तो उस सेवा से उन्हें निष्कासित कर दिया जाएगा।

महत्वपूर्णः रा.आ.बैंक सही और गलत उत्तरों की समानता के पैटर्न का पता लगाने के लिए अन्य अभ्यर्थियों के साथ वैयक्तिक अभ्यर्थियों की प्रतिक्रियाओं (उत्तरों) का विश्लेषण करेगा। यदि इस संबंध में रा.आ.बैंक द्वारा अपनाई गई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में, यह अनुमान/निष्कर्ष निकाला गया है कि प्रतिक्रियाएं साझा की गई हैं और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं हैं, रा.आ.बैंक के पास संबंधित अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता को बिना किसी नोटिस के रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है और ऐसे अभ्यर्थियों के परिणाम (अयोग्य) पर रोक लगा दी जायेगी। इस संबंध में कोई पत्राचार शामिल नहीं किया जाएगा।

**xxviii. ई– कॉल लेटर**

ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार दोनों के लिए केन्द्र का पता, तिथि और समय संबंधित ई–कॉल लेटर (जेएमजीएस–I के पद के लिए) में सूचित किया जाएगा।

योग्य अभ्यर्थी अपने विवरण यानी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके रा.आ.बैंक की अधिकृत वेबसाइट www.nhb.org.in से अपना ई–कॉल लेटर डाउनलोड करें। ई–कॉल लेटर/इंफार्मेशन हैंडआउट आदि की कोई हार्ड कॉपी डाक/कुरियर द्वारा नहीं भेजी जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा के लिए स्क्राइब के लिए एक अतिरिक्त कॉल लेटर होगा।

पद हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में पंजीकृत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर पर ईमेल और/एसएमएस द्वारा भी सूचना भेजी जाएगी। आईबीपीएस/रा.आ.बैंक मोबाइल नंबर, ईमेल पते में परिवर्तन, तकनीकी खराबी या अन्यथा आईबीपीएस/रा.आ.बैंक के नियंत्रण से बाहर अभ्यर्थी को ई–मेल/एसएमएस द्वारा भेजे गए किसी भी संचार की देर से प्राप्ति/गैर–प्राप्ति की जिम्मेदारी नहीं लेगा। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से विवरण, अपडेट एवं किसी भी जानकारी जो कि आगे की मार्गदर्शन हेतु अद्यतित की जाएगी के लिए रा.आ.बैंक की अधिकृत वेबसाइट www.nhb.org.in देखते रहें, साथ ही भर्ती प्रक्रिया के दौरान समय–समय पर अपने पंजीकृत ई–मेल अकाउंट को देखते रहें।

**xxix. घोषणाएं**

भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी घोषणाओं/शुद्धिपत्र/विवरणों को केवल समय–समय पर रा.आ.बैंक की अधिकृत वेबसाइट (www.nhb.org.in) पर प्रकाशित/उपलब्ध कराया जायेगा।

**xxx. अस्वीकरण**

चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में गलत सूचना देने और/या प्रक्रिया का उल्लंघन करने का दोषी पाये जाने वाले अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और वह रा.आ. बैंक द्वारा भविष्य में होने वाली किसी अन्य भर्ती प्रक्रिया में भी शामिल नहीं हो सकेगा। यदि ऐसी किसी घटना की जानकारी वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान नहीं हो सकी किंतु बाद में ज्ञात हुई जो वह अयोग्यता पिछली तारीख से प्रभावी होगी। रा.आ.बैंक में उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा दिए जाने वाले स्पष्टीकरण/निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(इस विज्ञापन का हिंदी संस्करण बैंक की हिंदी वेबसाइट पर उपलब्ध है)

*किसी भी विवाद की स्थिति में विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

नई दिल्ली
28.09.2023

महाप्रबंधक
मानव संसाधन एवं प्रबंधन विभाग

Size: 25x38cm

**अनुबंध – I**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के तहत आने वाले लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के तहत शामिल नहीं अर्थात 40% से कम दिव्यांगता और लिखने में कठिनाई होने वाले व्यक्तियों के लिए प्रमाण पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि, श्री/श्रीमती/सुश्री (उम्मीदवार का नाम) ......................................... पुत्र/पुत्री ......................................... (गांव/डाक/पंस/जिला/राज्य) .................... ..................................................................................... का निवासी है। जिसकी आयु ......... वर्ष है और (अक्षमता / दिव्यांगता का स्वरूप / स्थिति) ................................................ है तथा शारीरिक अक्षमता है जो उक्त स्वरूप / स्थिति में उसके उसकी लिखने कि योग्यता को बाधित / प्रभावित करती है।

उपरोक्त उम्मीदवार प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, हियरिंग एड (जैसा भी नाम निर्दिष्ट किया जाए) जैसे सहायक उपकरण का उपयोग करता है जो उम्मीदवार के लिए स्क्राइब की सहायता से परीक्षा में उपस्थित होने के लिए आवश्यक है।

2. यह प्रमाण पत्र केवल भर्ती एजेंसियों के साथ–साथ शैक्षणिक संस्थानों द्वारा आयोजित लिखित परीक्षाओं में उपस्थित होने के उद्देश्य से जारी किया जाता है और .......................... अवधि तक मान्य है।

3. (यह अधिकतम छह महीने या उससे कम अवधि के लिए मान्य है जैसा कि चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाए।)

**चिकित्सा प्राधिकारी के हस्ताक्षर**

| (हस्ताक्षर और नाम) | (हस्ताक्षर और नाम) | (हस्ताक्षर और नाम) | (हस्ताक्षर और नाम) | (हस्ताक्षर और नाम) |
|---|---|---|---|---|
| आर्थोपेडिक / पीएमआर विशेषज्ञ | नैदानिक मनोवैज्ञानिक/पुनर्वास मनोवैज्ञानिक/मनोचिकित्सक/विशेष शिक्षक | तंत्रिकाविज्ञानी (यदि उपलब्ध हो) | व्यावसायिक चिकित्सक (यदि उपलब्ध हो) | अन्य विशेषज्ञ, जैसा अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाता है। (यदि कोई हो) |
| (हस्ताक्षर और नाम) | | | | |
| मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सविल सर्जन/मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी अध्यक्ष | | | | |

**सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य देखभाल केंद्र का नाम और मुहर**

स्थानः
दिनांकः

---

**अनुबंध – II**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के तहत आने वाले लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के तहत शामिल नहीं अर्थात 40% से कम दिव्यांगता और लिखने में कठिनाई होने वाले व्यक्तियों के लिए वचनपत्र

1. मैं (उम्मीदवार का नाम) ......................................... मुझे (अक्षमता / दिव्यांगता की प्रकृति / स्वरूप) ............................. है। मेरा रोल न. ...................................................... है। मैं परीक्षा (परीक्षा का नाम) ................................... के लिए परीक्षा केंद्र (केंद्र का नाम, जिले एवं राज्य के पूर्ण विवरण सहित) ....................................................................... पर प्रविष्ट हो रहा हूँ/रही हूँ।

मेरी शैक्षणिक अर्हता ................................... है।

2. मैं एतद्द्वारा उल्लेख करता हूँ/करती हूँ कि स्क्राइब (स्क्राइब का नाम) ................................... उक्त परीक्षा के लिए अधोहस्ताक्षरी को स्क्राइब कि सेवा प्रदान करेगा / करेगी।

3. में एतद्द्वारा वचन करता हूँ/करती हूँ कि स्क्राइब कि शैक्षणिक अर्हता/योग्यता ................................... है। बाद में यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा घोषित शैक्षणिक अर्हता/योग्यता गलत है और मेरी शैक्षणिक अर्हता/योग्यता से एक स्तर ऊपर है तो मैं पद या प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री और उससे संबंधित दावों पर अपना अधिकार खो दूंगा/दूँगी।

**(उम्मीदवार का हस्ताक्षर )**

(यदि उम्मीदवार अल्पवयस्क है तो माता–पिता/अभिभावक द्वारा प्रति हस्ताक्षर)
स्थानः'
दिनांकः

Size: 25x31cm